e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 237
बुधवार
30.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आप न तो अतीत को कण्ट्रोल कर सकते हो और न ही भविष्यवाणी कर सकते हो ऐसा करने की कोशिश भी एक चीज से आपका कण्ट्रोल हटा देती है वो है वर्तमान ..

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## क्विक न्यूज

### कार दुर्घटना में तीन लोगो की मौत

**मेदिनीनगर** : चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना मामले में कार मालिक और सवार के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है. दुर्घटना में मृत रोहित चौरसिया, दीनानाथ महतो उर्फ मधु और योगेंद्र महतो के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया.पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. तीनों मृतक पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा के रहने वाले थे. इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है. कार मलिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. कार को जब्त कर थाना में रखा गया है.

**केंद्रीय कैबिनेट का फैसला : सभी के लिए 200 रुपया सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर**

# मोदी सरकार ने दिया राखी गिफ्ट

## सरकार ने 75 लाख नए मुफ्त गैस कनेक्शन देने का किया एलान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कैबिनेट ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार महंगाई की मार झेल रही जनता को राहत देने के लिए रक्षाबंधन और ओणम पर बड़ा एलान किया है। गैस सिलेंडर की कीमतों में सभी उपभोक्ताओं को 200 रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले से मिल रही 200 रुपये की सब्सिडी के अतिरिक्त अलग से 200 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। यानी उन्हें एक गैस सिलेंडर पर 400 रुपये की छूट मिलेगी। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसका एलान किया।इससे पहले एक अगस्त को पेट्रोलियम कंपनियों ने व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 75 लाख महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन भी दिया जाएगा। उन्हें पाइप और चूल्हा भी मुफ्त में दिए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए प्रति सिलेंडर 200 रुपये की कमी की गई है। वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले से ही 200 रुपये की सब्सिडी मिल रही है। लेकिन दर में कमी से उन्हें भी फायदा होगा, जिसका मतलब है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए दर में कमी 400 रुपये प्रति सिलेंडर होगी।

### मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहें : पीएम मोदी

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया,रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

### * उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक गैस सिलेंडर पर अब 400 रुपये की मिलेगी छूट



### कैबिनेट में चंद्रयान 3 से जुड़े हर व्यक्ति की सराहना की गई

कैबिनेट की बैठक के बारे में बताते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया कि पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। चंद्रयान मिशन 3 की सफलता ने देश और दुनिया में हमारा रुतबा बढ़ाया है। यह सफलता भारत की प्रगति का प्रगति है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश है। कैबिनेट ने चंद्रयान 3 जुड़े हर व्यक्ति की सराहना की है।


## कोयला खनन परियोजनाओं के नामकरण में राज्य की परंपरा एवं इतिहास को सम्मान मिले : हेमंत

**सीएम ने खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को लिखा पत्र**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं एवं निजी कोयला परियोजना का नामकरण स्थानीय स्थल/ गांव/ मौजा/ पंचायत /प्रखंड/ झारखंड राज्य के महापुरुषों एवं दर्शनीय स्थलों आदि के अनुरूप किया जाए। हेमंत सोरेन ने पत्र में अनुरोध किया है कि कोल इंडिया लिमिटेड, निजी कंपनियों एवं अन्य लोक उपक्रमों के द्वारा संचालित खनिज परियोजनाओं का नामकरण भारत सरकार द्वारा स्थानीय जनमानस की भावनाओं, परंपरा, संस्कृति आदि के आधार पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चतरा जिला में संचालित खनन परियोजनाएं आम्रपाली कोयला परियोजना, अशोक कोयला परियोजना एवं मगध कोयला परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा है कि इन कंपनियों द्वारा जन भावनाओं के खिलाफ जाकर स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मांग की है कि झारखंड की पहचान एक खनिज संपदा बहुल राज्य के रूप में स्थापित हुई है और देश के विकास में इसका अहम योगदान है। खनिजों से प्राप्त राजस्व का बड़ा भाग कोयला खनिज से ही प्राप्त होता है, जिसका लगातार दोहन किया जा रहा है। अनुरोध है कि यहां के संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान दिया जाय।



# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त ने लाभुक को भेट किया गाड़ी की सांकेतिक चाबी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राज्य में बेरोजगारी कम करने को झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरुआत की है. इसके तहत युवाओं को बिना गारंटी के 50,000 रूपये तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है. इसी के तहत जिले के 387 बेरोजगार युवाओं को ऋण दिया गया है. इसकी स्वीकृति राज्य से मिल चुकी है. जिला स्तर से भी इन युवाओं को वाहन (बोलेरो, ट्रैक्टर, ट्रक आदि) उपलब्ध कराया जा रहा है. बता दें कि वर्ष 2021-22 में इस योजना के तहत जिला स्तर से 359 युवाओं का चयन कर निगम मुख्यालय राँची ( कल्याण विभाग) को आवेदन भेजा गया था. इन मे से 130 आवेदनों को स्वीकृति दी गई थी. इसके लिए सरकार ने विभाग को राशि भी उपलब्ध करा दी है. इस योजना के तहत उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री शशि रंजन ने आज समाहरणालय परिसर में लाभुक विनोद चौधरी को 407 पिक अप गोल्ड की चाभी सांकेतिक रूप से भेंट की। **योजना के लाभ :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एक कल्याणकारी ऋण योजना है, जिसके तहत लाभार्थी 50 हजार रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटी के ले सकते हैं. आवश्यकता पड़ने पर अधिकतम 25 लाख रूपये तक के ऋण का भी प्रावधान है. इस ऋण पर सरकार 40 प्रतिशत (अधिकतम 5 लाख) का अनुदान भी देगी। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वित्त वर्ष 2021-22 में अब तक कुल 300 लाभुकों के बीच ऋण दिया गया है. वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लाभुक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है. अभी तक वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 203 लाभुकों को जिला स्तरीय समिति से पास कर के राज्य को भेजा जा चुका है। मौके पर उपायुक्त के अलावे सहायक समाहर्ता,अपर समाहर्ता, कल्याण विभाग पदाधिकारी सीओ सदर सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# 20 सूत्री अध्यक्ष व मुखिया ने किया धोती साड़ी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बसरिया पंचायत में आज सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे एवं पंचायत के मुखिया नीतीश सिंह के द्वारा लाभूको के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया एवं सरकार स्तर से चलाया जा रहे विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उसी क्रम में पंचायत के दोकरा में आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया उसकी शिकायत प्रभारी सीडीपीओ संजय बाखला से कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात बरिया खुर्द स्र्स विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में काफी अनियमितता पाई गई स्कूल में बच्चों की उपस्थिति पंजी में 11:00 बजे तक बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी एवं विद्यालय के रोकड़ पंजी संबंधित जानकारी प्रधानाध्यापक शिवकुमार सुमन से मांगने पर बताया गया कि वह रोकड़ पंजी लिखने हेतु BRG नीरज को दिए हुए हैं। वह स्वयं से रोकड़ पंजी नहीं लिखते पाते हैं तथा मध्यान भोजन में भी काफी अनियमितता देखने को मिली सामग्री में सिर्फ चावल उपलब्ध था खाना गैस चूल्हा पर नहीं लकड़ी के चूल्हा पर बनाया जा रहा था सारी विषय की जानकारी वर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दूरभाष पर देकर सारी व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देशित किया।

## नाबालिगों की रोकवाई गई शादी, बालिका गृह भेजी गई

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र में दो नाबालिगों की शादी रोकवाई गई। नाबालिग लड़की पढ़ाई करना चाहती थी, लेकिन उसके परिजन उसकी शादी करवाना चाह रहे थे। जिस लड़के से शादी होने वाली थी, वह भी नाबालिग था। वह भी पढ़ाई करना चाहता था। इस मामले में नाबालिग ने किसी तरह चाइल्ड लाइन से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही चाइल्ड लाइन, सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़का और लड़की का रेस्क्यू कर लिया। लड़की का रेस्क्यू करने के बाद बालिका गृह में रखा गया है, जबकि लड़के को घर भेज दिया गया। चाइल्ड लाइन को सूचना मिली थी कि चैनपुर के इलाके में एक पंद्रह वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी होने वाली है। सूचना मिलने के बाद चाइल्ड लाइन, सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी की और दोनो नाबालिगों का रेस्क्यू कर लिया। सीडब्ल्यूसी ने लड़की की काउंसिलिंग के लिए परिजनों को नोटिस दिया। नाबालिग लड़की की बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने काउंसलिंग की और परिजनों को भी नोटिस जारी किया। सीडब्ल्यूसी के सदस्य धीरेंद्र किशोर ने बताया कि नाबालिग की शादी होने वाली थी। जानकारी मिलने के बाद उसका रेस्क्यू कर लिया गया। नाबालिग लड़की मैट्रिक के बाद पढ़ाई कर रही है। फिलहाल उसे बालिका गृह में रखा गया। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि सीडब्ल्यूसी की टीम चैनपुर थाना पहुंची। पुलिस ने टीम को कारवाई में पूरा सहयोग किया।

## चैनपुर पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर इस्तेहार चिपकाया



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना में 22 मार्च 2022 को दो लोगो के विरुध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। फरार अभियुक्त सतीश कुमार सिंह पिता शंभू सिंह ग्राम सलतुआ थाना चैनपुर एवं राजीव रंजन तिवारी पिता रामनिवास तिवारी ग्राम रेडमा शहर थाना के घर इस्तेहार चिपकाए गया। सब इंस्पेक्टर प्रेमचंद हादसा ने इश्तिहार चिपकाते हुए घर वालों को हिदायत देते हुए कहा कि फरार अभियुक्त को अभिलंब थाना को सुपुर्द करें या न्यायालय में सरेंडर करें, वरना कार्रवाई की जाएगी।

# पलामू पुलिस ने गायब मंगलदेव सिंह को रामगढ़ से किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने मेदिनीनगर से गायब मंगलदेव सिंह को रामगढ़ से किया बरामद। मंगल देव सिंह खुद का अपहरण का साजिशकर्ता निकला। बैंक से लोन लेने के दबाव में खुद का अपहरण का नाटक रचा था। मेदिनीनगर पलामू एजेंसी में मैनेजर के पद पर काम करता है मंगल देव सिंह । दुकान का दो लाख रुपया बैंक में जमा करने को लेकर निकला था सोमवार को। एसडीपीओ आईपीएस ऋषभ गर्ग ने किया खुलासा। उन्होंने बताया कि दिनांक 28 अगस्त को श्री अवतार सिंह पिता स्व0 हजारा सिंह सा0 नामधारी गुरूद्वारा नावाटोली चौक, थाना शहर जिला पलामू द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि उनका पुत्र मंगल सिंह देव जो कि पलामू स्टोर, माली मुहल्ला थाना शहर जिला पलामू से दिन लगभग 11:15 बजे 2,50,000 / ( दो लाख पचास हजार) रूपया स्थानीय आई0सी0आई0सी0 बैंक में जमा करने के लिए गये थे जो बैंक नही पहुँचे तथा दोपहर 13:30 बजे फोन पर सम्पर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बैंक जाने के क्रम में चार लोग गाड़ी में बैठाकर उन्हें बेहोश कर दिया गया तथा वे गाड़ी में बंद है। इस सूचना पर शहर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक, पलामू के द्वारा टीम का गठन कर प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लातेहार पुलिस तथा रामगढ थाना (जिला रामगढ़) के सहयोग से दस घंटे के अन्दर मंगल सिंह देव को उनके द्वारा बैंक में जमा किये जानेवाले रकम के साथ सकुशल बरामदगी की गयी। बरामदगी पश्चात् पूछताछ के क्रम में मंगल सिंह देव के द्वारा खुलासा किया गया कि उनके द्वारा चाईनिज ऐप के माध्यम से लोन लिया गया था जिसके बाद से उन्हें लोन का भुगतान करने के लिए मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था जिस वजह से वे भावनात्मक कमजोरी के कारण अपने को अपहरण कर लिये जाने की झूठी कहानी अपने परिवारवालों को बताये। बरामद मंगल सिंह देव को पूछताछ करने तथा विधिपूर्ण कारवायी पश्चात् परिजनों को सुपूर्द किया गया।

## कभी नहीं खुलता रेहला के दबगर मुहल्ला का उप स्वास्थ्य केंद्र

# इलाज को ले भटक रहे लोग, दवा नहीं होने की कही जाती है बातें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के रेहला दबगर मुहल्ला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र कभी भी नहीं खुलता। नतीजतन यहां के लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए भटकना पड़ता है। मंगलवार की सुबह दबगर मुहल्ला निवासी मुंद्रिका साव व विशाल कुमार उप स्वास्थ्य केन्द्र इलाज कराने पहुंचे। जहां स्वास्थ्य केंद्र को बंद पाया। दोनों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से उप स्वास्थ्य केन्द्र का दौड़ लगा रहे हैं। हर रोज सुबह घंटों बैठकर उपस्वास्थ्य खुलने का इंतजार करते हैं, शायद देर से हीं उपस्वास्थ्य केंद्र खुल जाए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजतन विवश होकर निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। बताया पुरी दिन आसपास के लोग इलाज कराने आकर बंद पाकर लौट जाते हैं। उपस्वास्थ्य केंद्र खुलने का इंतजार कर रहे मुंद्रिका साव ने कहा कि सात दिनों से दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन कोई नहीं आ रहा। मुख्य दरवाजे पर ताला लटका रहता है। प्रत्येक दिन दर्जनों लोग पहुंच कर केंद्र खुलने का इंतजार करते हैं। जो मायुस होकर लौट जा रहे हैं। रेहला निवासी मजदूर विशाल कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे सर्दी-खांसी से परेशान हैं। सरकारी उपस्वास्थ्य केंद्र होने के कारण चिकित्सक से दिखाकर दवा लेना चाहते हैं। लेकिन केंद्र खुलता हीं नहीं है। ऐसे में हर रोज केंद्र पर जाकर वे निराश होकर वापस लौट जा रहे हैं। वहीं कई महिलाएं भी इलाज कराने को पहुंची थी। बंद पाकर हल्ला हंगामा कर वापस लौट गई। ऐसे में सभी पलामू उपायुक्त से मिलकर उप स्वास्थ्य केन्द्र नियमित खोलने की मांग करने की बात कही।

## आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभुकों का कार्ड निर्गत करें : उपायुक्त

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त-सह- जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष शशि रंजन ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का ई- केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को प्रभावी करने का निदेश दिया है। उन्होंने पलामू सिविल सर्जन, जिलाअंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि अपने प्रखंडों के वैसे गांव जहां अब तक ई-केवाईसी के माध्यम से लाभुकों का आयुष्मान कार्ड निर्गत नहीं किया गया है, उन्हें एवं आदिम जनजातियों के परिवार के सदस्यों के साथ अन्य लाभुकों को ई- केवाईसी करने की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से करना सुनिश्चित करें। उपयुक्त शशि रंजन ने कहा कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित करें, ताकि जरूरत के अनुरूप उन्हें चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराकर मदद किया जा सके। उन्होंने अभियान चलाकर वृहद रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने एवं ई- केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर आयुष्मान कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने जिले के विश्रामपुर, चैनपुर, छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, मनातू, मेदिनीनगर, नीलांबर- पीतांबरपुर (लेस्लीगंज ) पांकी एवं पाटन प्रखंड क्षेत्रों में कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड निर्गत करने की गति को तेज करने का निदेश दिया।

## चौरसिया समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष बने बबलू



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया समाज झारखंड की बैठक विधायक क्लब रांची में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राम दरस चौधरी ने चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लाल बहादुर चौरसिया उर्फ बबलू चौरसिया को प्रदेश युवा अध्यक्ष बनाया है। नव मनोनीत अध्यक्ष श्री चौरसिया ने कहा कि समाज में एकजुटता व शिक्षा का स्तर बढ़ने का काम करेंगे। बाल विवाह, नशा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीष्म चौरसिया जिप सदस्य रामलाव चौरसिया सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# पिपरा में बीज वितरण को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड सभागार में दिन मंगलवार को प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत खरीफ 2023- 24 मक्का फसल का प्रत्यक्षण कराए जाने को लेकर बैठक आयोजित की गई. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि 600केजी मक्का का बीज प्रखंड पिपरा को मिला है। जिसका वितरण टोकन के माध्यम से ही करना है जिसके लिए बैठक में सभी पंचायत से गांव का चयन किया गया। प्रखंड कृषक सलाहकार समिति अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि चयन किए गए गांव के कृषक मित्र को सूचित किया गया है कि वैसे लोगों का ही चयन करें जो खेती किसानी से जुड़े हो। बीच की मात्रा काफी कम है। चयन किए गए गांव को 5केजी का 20 पैकेट दिया जाएगा। सरकार के द्वारा इस बार बीज विलंब उपलब्ध कराया गया है भविष्य में प्रयास रहेगा की किसानों को ससमय बीज उपलब्ध कराया जाए साथ ही कृषक मित्र वितरण के दौरान कोशिश करेंगे की बीज सही व्यक्ति तक पहुंचे। वही जिला पार्षद ददन पासवान ने कहा कि सरकार के द्वारा अगर समय से बीच उपलब्ध कराया जाता तो किसानों को इसका सही फायदा एवं राहत मिलता। बैठक में जनसेवक सह कृषि पदाधिकारी सरजुन राम हरि यादव बबलू सिंह छोटू सिंह प्रिंस सिंह अंशु मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सतबरवा प्रखंड के ग्राम पंचायत बकोरिया के उप मुखिया समता देवी ने रोजगार सेवक पर आरोप लगाई कि रोजगार सेवक अपने रैयती जमीन में बने टीसीबी का गड्ढा भर कर उक्त भूमि पर बागवानी योजना का संचालन कर रहा है, जिसकी शिकायत उपमुखिया ने उपायुक्त से की। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के दिव्यांग जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त से ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाने का गुहार लगाया। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के विष्णुदेव यादव और पिपरा थाना क्षेत्र के बसंती देवी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के मीना देवी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन देने की गुहार लगाई। इसी तरह हैदरनगर थाना क्षेत्र के प्रताप चंद्र ने उपायुक्त से शिकायत किया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण स्वीकृत हो जाने के पश्चात ऋण नही मिला। इसी तरह पांडु थाना क्षेत्र के काजल कुंवर ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मेरे पति की मौत बिजली की चपेट में आने से हो गई है इसलिए आपदा राहत कोष से सहायता राशि देने की कृपा करें। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## चांद पर भी हो रहा है भगवान शिव का गुणगान : डॉ. शशि भूषण मेहता



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीलांबर पीतांबर पुर सावन महीने के अंतिम सोमवारी के अवसर पर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा भव्य श्रावणी महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सोमवार की रात्रि झांकी युक्त भक्ति जागरण आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने विधिवत रूप से फिता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कहा कि सावन का पवित्र एवं पावन महीना भगवान शिव को समर्पित है। भगवान शिव का सिर्फ यहीं गुणगान नहीं हो रहा है। चांद पर भी गुणगान हो रहा है। 2 दिन पूर्व देश के प्रधानमंत्री बेंगलुरु गए थे। चंदा मामा पर जहां चंद्रयान उतरा है उसे स्थान का नामकरण उन्होंने शिव शक्ति किया है। तात्पर्य है कि भगवान शिव का महिमा सिर्फ इस धरती पर ही नहीं चंदा मामा पर भी है। कार्यक्रम के तहत सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने विधायक को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं विधायक के द्वारा सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, संचिव राजू राय, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मंत्री सुदर्शन सोनी, मुनींद्र नाथ दुबे, महावीर मंदिर पूजा समिति के योगेंद्र प्रसाद सोनी, उमेश सोनी, पवन सोनी, अनिल गुप्ता, मुकेश सोनी, लेस्लीगंज थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी, राजू कुमार, महावीर साहू समेत अन्य कई लोगों को धार्मिक कार्यो में बढ़कर रुचि लेने के लिए सम्मानित किया गया। इधर भक्ति जागरण की शुरुआत गायिका अक्षरा गुप्ता एवं शशि श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से की। इसके उपरांत देर रात तक एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत एवं झांकी की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन सनातन धर्म सभा के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम में अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, मुन्ना सोनी, विजय ठाकुर, संजय चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पूर्वडीहा की नम्रता ने की नीट क्वालीफाई मेडिकल में लिया दाखिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव के करमडीह में नम्रता कुमारी ने नीट क्वालीफाई कर माता पिता के सपनों को साकार किया है। बचपन से ही मेधावी नम्रता ने रोटरी स्कूल डालटनगंज से मैट्रिक की परीक्षा में 96.7 तथा डीएवी स्कूल डालटनगंज से 12वीं की परीक्षा में 87.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। बचपन से ही डाक्टर बनने का सपना मन में पाली नम्रता ने नीट की परीक्षा में 720 में से 588 अंक प्राप्त कर झारखंड में 48वां कैटेगरी रैंक प्राप्त की तथा पूरे भारत में 14000 रैंक प्राप्त की तथा मेदिनीराय मेडिकल कौलेज डालटनगंज में नामांकन कराया । नम्रता की माता रीता देवी जो गृहिणी हैं वो बताती हैं कि दो भाई बहनों में छोटी बेटी बचपन से ही सरल एवं मेधावी रही है । पिता श्री अवध किशोर दूबे जो पेशे से झारखंड पुलिस हैं वे बताते हैं कि ग्रामीण माहौल में रहकर घर का काम करती हुई नम्रता प्रतिदिन 18 घंटे मोबाइल एवं एनसीइआरटी किताब से स्वअध्ययन करती थी। आंखों में खुशी की आंसू लिए श्रीदूबे बताते हैं कि बेटी की शादी में जो दहेज खर्च किया जाता है वो बेटी को पढ़ाने में लगाया जाए ताकि बिटिया पढ़कर अपने पैरों पर खड़ी हो सके और इस लायक बने कि दहेज देने की नौबत ही नहीं आए । नम्रता की इस सफलता पर पूरे पूर्वडीहा गांव में खुशी की लहर है। आज सुबह गांव के युवाओं की टोली ने नम्रता के घर पर जाकर उसे धार्मिक पुस्तक, अंगवस्त्र एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया एवं उसका हौसला बढ़ाने का काम किया। समाजसेवी विकास दूबे ने बताया कि पूरा गांव गौरवान्वित है और आज के परिवेश में अगर छात्रा स्वाध्याय से ऐसी सफलता प्राप्त करती है तो सबको इस पर गर्व होना चाहिए । गांव के छात्र छात्राओं को नम्रता से सीख लेनी चाहिए। सम्मानित करने वालों में पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दूबे, टीटीई रविन्द्र दूबे, रेलवे कर्मचारी भरत दूबे, स्वास्थ्यकर्मी सुधाकर दूबे, व्यवसायी अंगद दूबे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आत्मा शासकीय निकाय की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आत्मा से जुड़े कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु स्वीकृत 232.10994 लख रूपए का जिला प्रसार कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी. वही NFSM Pulse के लिए 217.97566 लाख, NFSM Coarse cereals के लिए 22.8650 लाख, NFSM Oil seed के लिए 66.85933 लाख तथा NFSM Nutri cereals के लिए 3.2900 लाख लक्ष्यों के लिए अनुमोदन किया गया। **विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किसानों को अलग-अलग स्थानों पर भेजकर दिया जायेगा ट्रेनिंग :** बैठक में 25 किसानों के एक समूह को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पल्स रिसर्च कानपुर भेजकर उन्हें आवासीय प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया.इसी क्रम में राज्य के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 25 किसानों के एक समूह को किसान पाठशाला खूंटी भेजकर उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया.वहीं जिले के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 30-30 किसानों के 5 समूहों को कृषि विज्ञान केंद्र व क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण देने का निर्णय हुआ.इसी तरह कई अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अलग-अलग किसानों को अलग-अलग जगह भेजकर उन्हें प्रशिक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया.इसके अलावे उपायुक्त श्री रंजन ने श्री विधि से धान की खेती÷ के तहत कृषक पाठशाला क्रियाशील है या नहीं इससे अवगत हुए.बताया गया कि सभी जगह कृषक पाठशाला क्रियाशील है। इसी तरह उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), कोर्स सिरियल्स, ऑइलसीड, न्यूट्री सिरियल्स सहित अन्य फसलों को बढ़ावा देने हेतु सभी को निर्देशित किया। बैठक में परियोजना निदेशक आत्मा कार्यालय का जीर्णोद्धार कराने का निर्णय लिया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### रांची हिंसा मामले में पुलिस ने अपने अंतिम प्रपत्र में साक्ष्य की कमी बताया

रांची। रांची पुलिस ने दस जून रांची हिंसा से जुड़े कांड संख्या 22/2022 में कोर्ट के समक्ष अंतिम प्रपत्र दाखिल किया है। पुलिस ने अपने अंतिम प्रपत्र में साक्ष्य की कमी बतायी है। इस केस के अनुसंधानकर्ता (आइओ) ने प्राथमिकी को सत्य बताया है। लेकिन उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि आरोपियों के खिलाफ फिलहाल कोई साक्ष्य नहीं मिला है। अगर भविष्य में कोई सुराग मिलेगा तो इस केस की जांच दोबारा शुरू की जायेगी। इस पूरी बात की जानकारी केस के सूचक (केस करने वाले) को भी दे दी गयी है। बता दें कि रांची हिंसा मामला डेली मार्केट थाना का है। हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 22/2022 दर्ज किया गया था। इस केस में सैकड़ों लोग अभियुक्त बनाये गये थे।

### डॉक्टर स्नेहांशु साहा और यश किंगर प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बने

रांची : 4 दिवसीय थर्ड रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में खेले जा रहे टूर्नामेंट का आज समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में मास्टर स्नूकर के विजेता यश किंगर उपविजेता कशिश (हजारीबाग), स्नूकर 6 रेड स्नूकर में विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा (हजारीबाग), यश किंगर उपविजेता, मिनी स्नूकर विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा, उपविजेता कशिश, मिनी 6 सिक्स रेड विजेता प्रतीक लाल, उपविजेता चाहत एवं 9 बॉल्स के विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा उपविजेता यश किंगर और तृतीय स्थान पर नीरज सिंह रहे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर मोहम्मद जाकिर और सबसे सीनियर खिलाड़ी विनोद कुमार उपाध्याय ने विजेताओं और उपविजेताओं को कैश एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किए। इस अवसर पर इंद्र, टीपू, जॉनसन, तनवीर, ऋषि सेन गुप्ता, नील, नीरज, नितेश, मेजर, एजाज, आयुष राज, सुमित, सिद्धार्थ लाल सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# लूटपाट करने की योजना बना रहे सात अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के पंडरा के एक बाजार व्यवसायी के साथ लूटपाट करने की घटना को अंजाम देने के लिए कुछ अपराधी व्यावसायी का रैकी कर रहे थे। इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल को हुई तो उन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुखदेव नगर थाना एवं क्यूआरटी टीम के साथ अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की और फिर पुलिस के द्वारा उन अपराधियों पर निगरानी रखी जा रही थी, कि 28 अगस्त को पता चला कि व्यवसाय की लूटपाट को अंजाम देने के लिए नवा टोली चौक स्थित कैंपस के अंदर एक खाली मकान में अवैध हथियार के साथ जमा हुए हैं। यह सभी लोग व्यवसायी से डकैती करने की योजना बना रहे थे। पहाड़ी मंदिर के बगल में नवा टोली चौक स्थित एक



बड़े कैंपस में पुलिस की छपा मरी हुई। वहां पर योजना बनाते हुए देसी पिस्टल चार 7.65 की जिंदा गोली, 3.15 बोर का एक लोडेड एक नाली देसी कट्टा एवं चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित दो और मोटरसाइकिल के साथ 5 अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुख्य रूप से संतोष राय पर पहले भी 10 मामले दर्ज है और कई बार जेल जा चुका है। इसके साथ अल्तमश अंसारी, अभिषेक चौधरी, रवि कुमार एवं दीपक कुमार सिंह शामिल थे। सभी की गिरफ्तारी हुई है। इसकी निशानदेही पर पंडरा बाजार समिति व्यवसायी के रेकी करते हुए उनके दो अन्य साथी सूरज और सुजीत को भी गिरफ्तार किया गया। सातों अपराध कर्मियों अपने-अपने बयान में यह स्वीकार किया है, कि वह अपराध की घटना को अंजाम देने वाले थे। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि यदि इन लोगों को समय के पूर्वी गिरफ्तारी नहीं की जाती तो बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे। इन लोगों को पता था की जो व्यवसायी है वह सोमवार और शुक्रवार को करीब 15 लाख से 20 लख रुपए को एक जगह से दूसरे जगह लाने ले जाने का काम करता है। इसी के बाद इन लोगों ने योजना बनाई। पुलिस के छापेमारी दल में सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय कुमार, राज गुप्ता, अरविंद कुमार और तकनीकी शाखा के सहायक अवर निरीक्षक सहित कई पुलिस शामिल थे संतोष राय अल्तमश अंसारी, सुजीत कुमार, अभिषेक कुमार, अपराधिक इतिहास रहा है कई घटनाओं में लोग शामिल रह चुके हैं।

# नगर निगम सभी मोहल्ले की करेगा देखरेख

* स्ट्रीट लाइट के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी गली-मोहल्ले, मुख्य पथ तथा सभी सामुदायिक स्थलों में वर्षा ऋतु को देखते हुए सड़क, नाली और इसके के रख-रखाव के संदर्भ में प्रशासक अमित कुमार के निदेशानुसार रांची नगर निगम के विद्युत शाखा के अंतर्गत कार्यरत एजेंसी मेसर्स ईईएसएल प्रालि के कर्मियों की कुल 30 टीम विभिन्ना के लिए गठन किया गया है, जो की निगम क्षेत्रांतर्गत सभी खराब पड़े पर बतियों की मरम्मती कर सभी बत्तियों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। सभी टीम के साथ एक बैठक हुई, जिसमें निम्न दिशा-निर्देश दिए गए। सभी टीम (30 टीम) अपने-अपने आवंटित वार्ड का निरीक्षण करके स्ट्रीट लाइट की मॉनिटरिंग करेंगे एवं पैसे इलाके जहां अब तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है, चिन्हित कर यहां स्ट्रीट लाइट्स लगाना सुनिश्चित करेंगे। मानसून तथा आगामी त्योहार के महीनों के



मद्देनजर सभी खराब पड़े पद्म बतियों को दुरुस्त करते हुए लगातार इसकी मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित इसके अलावा वैसी कॉलोनी जो नई बसी है, उन इलाकों में स्ट्रीट लाइट लगाईजाएगी। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि यदि अपने क्षेत्र में बत्ती खराब है। निम्न दूरभाष संख्या में संपर्क कर सकते हैं - जोन-01
दूरभाष संख्या-7488258803 वार्ड संख्या 25,208, 27, 28,33,34,35,38,37, 38, 39.40, जोन-02
दूरभाष संख्या 7267000145 वार्ड संख्या-13, 14, 15, 16, 17,20,21,22,23,24,45,46, 298,30,31,32, जोन-03
दूरभाष संख्या 9431798116 वार्ड नंबर 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12 ,18,19,47 जोन-04 दूरभाष संख्या 726700015 वार्ड नंबर-41,42,43,44,48, 49, 50, 51, 52, 53 * इसके अलावा Toll Free No - 1800-180-3580 में. या Andriod & IOS AppEESL Sampark" डाउनलोड कर या Website: wwwceslin-dia-org में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

# श्री दुर्गापूजा महोत्सव की तैयारियों पर हुई बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2023 को धूमधाम से मनाने एवं सफल बनाने के लिए युवा दस्ता की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। युवा दस्ता के द्वारा अंतिम सोमवारी के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद, संचालन शाहिल कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने किया। बैठक में कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, राहुल सिन्हा चंकी, मुन्ना बड़ाईक, मैदान साहू, ज्योति शंकर साहू, टिंकू महतो, प्रेम वर्मा, उमा शंकर तांती सहित दर्जनों प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से रोहित सिन्हा ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी, प्रदेश यूथ इंटक कमेटी के उपाध्यक्ष रोहित सिन्हा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने खड़गे को प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालातों के बारे में भी विस्तार से बताया। राज्य में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अवगत कराते हुए कहा कि युवा कांग्रेस ने आगामी नगर निकाय चुनाव एवं लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है एवं बूथ स्तर पर लगातार बैठक कर जनता को जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान की जा



रही है। रोहित ने आलाकमान को अवगत कराया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में स्थिरता और प्रगति प्रदान करने का रिकॉर्ड हुआ है, वह पार्टी के लिए सकारात्मक ऊर्जा सौभाग्य लेकर आए हैं और आने वाले नगर निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव में जनता विकास और कल्याण के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है।

# धनबाद के छह छात्र ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में करेंगे रिसर्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : धनबाद आईआईटी-आईएसएम के छह पीएचडी विद्यार्थियों को कोलैबोरेटिव डॉक्टरेट प्रोग्राम (सीडीपी) के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने का अवसर मिला है। इसमें अपर्णा सिंह, प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमत, शत्रुघ्न ठाकुर, सपन कुमार पंडित और ख्वाजा आलमगीर अहमद हैं। आईआरएए डीन प्रोफेसर आरएम भट्टाचार्जी ने कहा कि सीडीपी सभी पंजीकृत और पात्र पीएच-डी छात्रों को कोलैबोरेटिव डॉक्टरेट प्रोग्राम के समझौते के तहत दोनों संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली पीएचडी डिग्री को आगे बढ़ाने का एक अवसर है। आईआईटी-आईएसएम धनबाद



और विदेशी संस्थानों के बीच सीडीपी का उद्देश्य पहचाने गए विशेषज्ञता के क्षेत्रों में दोनों सहयोगी संस्थानों के शैक्षणिक माहौल और अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत करना और पीएचडी विद्वानों के लिए एक नया अवसर सुनिश्चित करना है, जो किसी भी विदेशी संस्थानों में अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाने में रुचि रखते हैं। सीडीपी डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करने के लिए आईआईटी-आईएसएम धनबाद और कर्टिन विश्वविद्यालय की ओर से किया गया संयुक्त प्रयास है।

# अब रिम्स भी ब्रेन डेथ की करेगी घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची झारखण्ड राज्य का पहला अस्पताल होगा, जहाँ ब्रेन डेथ की घोषणा की जा सकेगी। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखण्ड सरकार द्वारा ब्रेन डेथ घोषणा हेतु प्रस्तावित मेडिकल विशेषज्ञों की टीम के गठन को अनुमोदन प्राप्त हो गया है। केंद्रीय अधिनियम मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम (थोटा), 1994 की धारा-3 की उपधारा-6 के अंतर्गत मेडिकल बोर्ड की टीम के द्वारा ब्रेन डेथ घोषित किये जाने का प्रावधान है। रिम्स चिकित्सा अधीक्षक इस मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। ब्रेन




डेथ घोषणा के पश्चात संभावित अंगदाता की पहचान हो पायेगी, जिस से अंगदान के माध्यम से अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

**क्या होता है ब्रेन डेथ?**

ब्रेन स्टेम दिमाग का निचला हिस्सा होता है जो रीढ़ की हड्डी से जुड़ा होता है, ब्रेन स्टेम शरीर के महत्वपूर्ण केंद्र जैसे श्वसन व हृदय को नियंत्रित करता है, रोड एक्सीडेंट, सर पर गंभीर चोट लगना, ब्रेन स्ट्रोक या ऐसी शारीरिक स्थिति जिसमें मस्तिष्क गंभीर रूप से प्रभावित हो यह ब्रेन डेथ का कारण बन सकती हैं। जब डॉक्टर किसी को ब्रेन डेड घोषित करते हैं इसका मतलब है कि मस्तिष्क द्वारा सभी क्रियाओं पर विराम लग जाना। ब्रेन डेथ में मरीज के मस्तिष्क की मृत्यु हो गई है पर कृत्रिम तरीके से वेंटीलेटर के माध्यम से हृदय, किडनी, लिवर आदि अंगों को जीवित रखा जा सकता है।

# प्रेमिका की हत्या के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र सियार टोली स्थित एक कुआं में एक युवती का तैरता हुआ शव देखा गया। जिसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल दी गई तो उन्होंने बुढमू थाना को निर्देश दिया और थाना प्रभारी वहां पहुंचकर मृत युवती के शव को कुआं से निकाला गया और उसकी पहचान कराई गई, तो पता चला कि वह सियार टोली की रीमा कुजूर है। जिसकी हत्या कर शव को कुएं फेंक दिया गया था



। पुलिस द्वारा छानबिन करने के बाद यह पता चला कि रीमा कुजूर का अजय भगत से प्रेम प्रसंग है। फिर पुलिस ने अजय भगत से पूछताछ की, पूछताछ के क्रम में अजय भगत ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया और पुलिस ने फिर उसे गिरफ्तार किया और गिरफ्तार करने के दौरान उसके पास से घटना को अंजाम देने वाली दौउली और उस दौरान पहने हुए वस्त्र को भी पुलिस ने जब्त किया है। इस पूरे मामले में ग्रामीण एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि इस पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। हथियार के साथ प्रेमी अजय भगत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

इस उद्भेदन में बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय, सुशील उरांव, सुभाष कुमार, सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# रात के अंधेरे में निकले पुलिस पदाधिकारी, कई लोगों से की पूछताछ



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बढ़ते हुए अपराध को कंट्रोल करने के लिए अब रांची पुलिस ने पूरी तरह से कमर का असली है। दिन हो या रात पुलिस के वरीय पदाधिकारी भी अब सड़कों पर उतर कर निरीक्षण कर रहे हैं। यदि आप रात में इधर-उधर घूम रहे हैं य अड्डा बाजी कर रहे हैं, तो थोड़ा होशियार रहिए, पुलिस कभी भी आपसे पूछताछ कर सकती है। संदिग्ध होने पर आपकी रात हवालात में गुजरेगी या भी सुनिश्चित है। कुछ इसी तरह से यातायात पुलिस अधीक्षक सह ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा और सदर थाना क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक प्रभात बरवार रात के अंधेरे में रांची शहर का निरीक्षण करने निकले थे। मुख्य रूप से मेन रोड, चडरी, कांटा टोली, सदर थाना क्षेत्र के आसपास वाहनों की चेकिंग की गई पूछताछ की गई। कई लोगों को हिदायत देकर छोड़ भी दिया गया।

### स्वस्थ शरीर में ही, स्वस्थ मन का विकास होता है : प्राचार्य

रांची : संत जोन्स विद्यालय रांची में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। दिनांक 29 अगस्त को हर वर्ष हॉकी के जादूगर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर नेशनल स्पोर्ट्स डे के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य पर आज इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैंचो का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धाओं में कक्षा 3 से लेकर 12वीं तक के लगभग 1000 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। फादर स्वर्ण तिगा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ खेल का भी बहुत महत्व है।

# सामूहिकता से चलता है समाज : थाना प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित अल कुरेश तालीमी मिशन में संचालित हो रहे जमीयतुल कुरैश पंचायत की सभा में पहुंचे और उपस्थित लोगों से रूबरू हुए। करीब सैकड़ो लोगों की इस भीड़ को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी दयानंद ने कहा कि ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश का 100 साल पूरा होने जा रहा है। यही खुशी की बात है। इसी के अंतर्गत झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश लंबे सालों से संचालित हो रहा है और इसी झारखंड प्रदेश के अधीन जमीयतुल कुरैश पंचायत सभी जिलों सहित हमारे थाना क्षेत्र के कांटा टोली



कुरैशी मोहल्ला में भी काफी लंबे सालों से चला आ रहा है। पंचायत का खास कर ऐसे काम होते हैं समाज के जो लोग हैं, उनकी समस्याओं का निदान करना, आपसी व पारिवारिक विवादों का निपटारा करना, शादी ब्याह कराना, विधि व्यवस्था न बिगड़े कानून का सहयोग करना सहित कई जनहित के कार्यों का निर्वहन करता है। जब मुझे इस पंचायत के कार्यों की जानकारी मिली तो मुझे बहुत खुशी हुई कि समाज में शिक्षा, रोजगार को बढ़ावा देने की पहल हो रही है, नशाखोरी को खत्म करने के लिए मुहिम चलाई जा रही है।सभी से गुजारिश है कि आप अपने पुराने समय से चले आ रहे जमीयतुल कुरैश पंचायत के बीच रहे और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत इसे आगे तक मजबूती के साथ ले जाएं, पुलिस प्रशासन आपके साथ है, पहले भी आपके साथ रही है। मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस पप्पू, उपाध्यक्ष अफरोज कुरैशी उर्फ लड्डन, महासचिव परवेज कुरैशी, समीम कुरेशी, मुस्तफा कुरेशी, बशीर कुरैशी, अली इमरान, खालिद, सकील, जलाल कुरैशी, जहांगीर कुरैशी, शाहजहां कुरेशी, आफताब कुरेशी, आदिल कुरेशी, मुमताज कुरैशी, राजू कुरैशी, तजमूल कुरैशी, जावेद कुरेशी, अजमल कुरैशी, मुज्जमिल कुरैशी, गुलाम जावेद सहित कुरैशी मोहल्ला के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए और सभी ने थाना प्रभारी की बातों से सहमत हुए और जमीयतुल कुरैश पंचायत को मजबूत करने का संकल्प लिए।

# क्रिप्टो के माध्यम से 95 लाख का साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीआईडी के डीजी अनुराग उत्तम बताया कि जीवन साथी . कॉम पर एक लड़की ने प्रोफाइल के माध्यम से एक लड़के को आकर्षित किया। अपने ओर धीरे-धीरे विश्वास में लिया और फर्जी वेबसाइट बनाकर रजिस्ट्रेशन करने को कहा गया और अलग से बैंक खाता में यूपीआई के माध्यम से पैसा डालने को कहा। धीरे-धीरे क्रिप्टो के माध्यम से पैसा डालना शुरू करता है, और इस तरह से उसकी 95 लाख दो हजार रुपए का साइबर ठगी होता है और उसके लिए संपर्क करता है। अपराध अनुसंधान द्वारा उद्भेदन के लिए पहले जीवनसाथी.कॉम और इसमें ईमेल आईडी और फिर व्हाट्सएप के माध्यम किया जाता था। इन सब का खुलासा किया था। तब पता चला कि दो लड़के हैं जो इस तरह के कम कर रहे हैं। करीब 22 खाता खोल रखा था और सब में अलग-अलग तरीके से पैसे आ रहे थे। क्रिप्टोकरंसी के माध्यम से इन लोग खाताओं में और इन लोग जिसके लिए काम करते हैं वह विदेश में




बैठा है। यह लोग मजदूर के रूप में कम कर रहा है। अपने अनुसंधान में क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ठगी का काम कर रहे हैं और इसी मामले में प्रतीक संतोष राव रावत औरंगाबाद महाराष्ट्र का रहने वाला है वहीं अभिषेक संतोष यह भी औरंगाबाद महाराष्ट्र का रहने वाला है। इन लोगों के पास है दो मोबाइल, चार सिम, पांच एटीएम, सात आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, चार चेक, 8 चेक बुक सहित अन्य तीन सामग्री जप्त की गई है। अनुराग गुप्ता ने अपील की है कि साइबर ठगी होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जरूर संपर्क करें।

# केंद्र सरकार ने घरेलू सिलेन्डर में कमी कर उपहार नहीं उपहास किया : सुप्रियो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को उनके गैस सिलेंडर के भुगतान में 200 रुपये की कमी कर उपहार नहीं उपहास किया है। यह एक स्वस्थ आदमी का गला रेतने के पश्चात उनके नश्वर शरीर में खून चढ़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती मंहगाई, घटते रोजगार, बढ़ती बेरोजगारी, आदिवासी एवं दलितों पर लगातार हो रहे अत्याचार इस बात की गवाही देते हैं कि देश आज किस रास्ते की ओर जा रहा है। हरियाणा में नूह जैसी असभ्य तरीके से अल्पसंख्यक समुदाय पर किये गए अत्याचार एवं चिन्हित कर उनके आशियाने को उजाड़ने वाली भाजपा का शासन तंत्र आज कितना निरंकुश हो गया है। भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर के नेतृत्व में देश भर के प्रतिष्ठित और दूरगामी चिन्तकों के अथक मेहनत एवं विचारोपरान्त तैयार हमारे संविधान को बदलने की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को बताना पड़ेगा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को 200 रुपये अनुदान देकर, देश के बीस लाख करोड़ रुपये चंद पूंजीपतियों के ऋण को माफ कर किस अर्थव्यवस्था की बात करते हैं।

## लालटेन युग में जीने को विवश हैं ऐड़केया और उलीलोहोर के ग्रामीण : राजकिशोर कुशवाहा

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत बुण्डु प्रखंड के सुमनडीह पंचायत के एड़केया ग्राम में 31 जुलाई को बज्रपात से विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण गांव के तकरीबन 60 घरों में अंधेरा छा गया है और सभी अंधकार में जीने को विवश हैं।इस संबंध आजसू पार्टी के रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा द्वारा विद्युत विभाग के जुनियर इंजिनियर को फोन किया गया इस पर जूनियर इंजीनियर ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से बात करने को कहा गया जब उनसे से बात किया गया तो देखते है बोला गया लेकिन लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई और परिस्थिति जस का तस बनी हुई है।इधर तमाड़ प्रखंड के उलीलोहर में भी तकरीबन 15 दिनों से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है जिसके कारण अंधकार छाया हुआ है, विद्यार्थीयों की पढ़ाई में असुविधा, किसानों को कृषि कार्य में असुविधा हो रही है। विद्युत विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन विभाग इस मामले पर मौन है। उक्त गंभीर मसले पर आजसु पार्टी के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने झारखंड के व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारे झारखंड आंदोलनकारीयों ने जिस झारखंड की कल्पना कर झारखंड अलग राज्य करवाया था आज की सरकार अपनी तथा अपने परिवार के सुख सुविधा के हेतु इस को उपभोग कर रहे हैं उन्हें यहाँ की जनता की तकलीफों से मतलब नहीं हमारे कोयले से दुसरे राज्यों और देशों के घर रौशन हैं और हम अंधेरे में जीने को विवश हैं मानों हम लालटेन युग में जी रहे हैं।राजकिशोर कुशवाहा ने विद्युत विभाग को अभिलंब इन दोनों गांवों के ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग की है अन्यथा आजसु पार्टी उक्त प्रकरण पर आंदोलन करेगी जिसकी संवैधानिक जिम्मेदारी सरकार की होगी।



## सीसीएल में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल एवं इंटरनल सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद के अध्यक्षता में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियाँ संहिता, 2020 विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्री आफताब अहमद, डीएमएस, रांची सहित सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एवं खान प्रबंधक उपस्थित थे। सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद ने सभा को सम्बोधित किया एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। श्री राम बाबू प्रसाद ने इस कार्यशाला के दौरान आए सभी सकारात्मक सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि आज के इस कार्यशाला में मिले सुझावों से कंपनी लाभान्वित होगी। श्री आफताब अहमद, डीएमएस, रांची ने ओएसएच एवं डब्ल्यूसी कोड के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यशाला के दौरान ऑकुपेशनल सेफ्टी, हेल्थ और वर्किंग कंडीशन में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री एस के सिंह एवं उनकी टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।



## आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैम्प में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी जितेन्द्र कुमार और संचालन बीके चौबे ने किया।इस कार्यक्रम मे सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पिपरवार के छात्र-छात्राऐ भी शामिल हुए।कार्यक्रम मे देश की आजादी और देश की रक्षा करते करते शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियो को नमन किया गया,साथ ही उनकी कुर्बानी को याद किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि राष्ट्र और समाज के प्रति बेहतर काम करना हम सभी का कर्तव्य है।देश के वीर स्वतंत्रता सेनानी और जांबाज जवानों ने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दी है,जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। आज भी देश के जवान सीमा सुरक्षा पर तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं।देश की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी निभा रहे हैं।इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूली बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव पर विस्तार से जानकारी दी गई,साथ ही वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी और जवानों की शहादत के बारे में बताया गया।इस मौके पर डीएसपी जितेन्द्र कुमार,अवर निरीक्षक मन्टु कुमार,परेश मरांडी,पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर आलम, मंत्री सुजीत कुमार,सुशील कुमार पाण्डेय,जितेन्द्र कुमार शुक्ला,गोल्डेन चौबे,संजय यादव,राजेन्द्र उरांव,अरविन्द यादव,अजमल हुसैन,शक्ति चौबे,राजेश राय,सुरैश प्रजापति,नवीन कुमार वर्मा, सुनील साहु,प्रदीप रजक बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह सहित कई पदाधिकारी और जवान एंव स्कूल के बच्चे मौजुद थे। **कैम्प परिसर मे की गई वृक्षारोपण** : इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में आजादी के अमृत महोत्सव पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में डीएसपी जितेंद्र कुमार और मुखिया गुंजन कुमारी सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने कैंप परिसर में वृक्षारोपण किया।इस दौरान पुलिस पदाधिकारियो ने उपस्थित स्कूली बच्चो को पर्यावरण की रक्षा को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी,साथ ही सभी लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इसकी देखभाल करने की अपील की।इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजुद थे।



## कोयलांचल में याद किये गये हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जंयती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया गया।इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर एंव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के खेल शिक्षक एडी यादव ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों को बताया।प्राचार्य ने कहा कि खेल हमें अनुशासन तथा लक्ष्य के प्रति सतत प्रयास करने की भावना को जागृत करता है।खेलना कूदना एक अच्छा व्यायाम है।हमें अपने व्यस्त समय में से अपने मनपसंद का कोई भी एक खेल जरूर खेलना चाहिए।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस भारतीय एथेलिट के उपलब्धियां का जश्न मनाने और खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने का दिन है।इस अवसर पर प्राचार्य राजीव रंजन झा,वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद, सीएस सिंह,एडी यादव,एसके पांडेय सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## पिपरवार के किचटो में हुई ग्रामीण ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में ग्रामीण ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार क्षेत्र की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बिजय महतो और संचालन रचित गंझु ने किया। बैठक में भाड़ा भुगतान और कोयले का आवंटन बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान स्थानीय ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई।बैठक में कई प्रस्ताव पारित किया गया,जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2021 में तय किए गए भाड़ा का भुगतान करने,तय किये गये भाड़ा का भुगतान नहीं होने पर संबंधित डीओ होल्डर लिफ्टर के अंदर ट्रक का परिचालन नहीं करने सहित आगामी 3 सितंबर को डीओ होल्डर और लिफ्टर के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया।इस बैठक के दौरान कोयलांचल क्षेत्र के सभी स्थानीय ट्रक मालिकों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से बिजय महतो, रचित गंझु,प्रेम ठाकुर, रामबालक गंझु,अर्जुन महतो,संजय कुमार,रोहित कुमार,आशिक अली,अमर महतो सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
# (जिला भू-अर्जन शाखा)
# प्रपत्र-VI
# समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना
## (अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

अधिसूचना सं0:-815/भू0अ0, हजारीबाग

दिनांक:- 19.08.2023

चुंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-गोन्दलपुरा, थाना-सं0-142, थाना-बड़कागॉव, अंचल-बड़कागॉव, जिला-हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार-संक्षेप यथा निम्न है:-

हजारीबाग जिला के बड़कागॉव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना गोन्दुलपारा कोयला खान में रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि इस गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का स्थल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं प्रस्तावित गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अदाणी इन्टरप्राईजेज लि0 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA, दिनांक 08.03.2021 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेषण केन्द्रिय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नही किया जा सकता है। इस प्रकार प्रस्तावित विस्थापन को कम नही किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एंव सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती है। प्रस्तावित परियोजना का परिचालन लम्बी अवधि के लिए होगा। परियोजना से प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से लगभग अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रारंभिक चरण में प्रस्तावित विकास का परिचालन चरण एक से दूसरे अवसर को जन्म देगा। जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन से संबंधित कौशल (जैसे ड्राईविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होगें। सामुदायिक विकास परियोजनाओं को और अधिक सुदृढ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलना में संभावित लाभ अधिक है।

भू-अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार 781 है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-गोन्दलपुरा, थाना-सं0-142, थाना-बड़कागॉव, अंचल-बड़कागॉव, जिला-हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1294 | 61 | 1266 | नीज | टांड-III | 0.0600 | रामेश्वर राणा पिता स्व0 चिन्तामन राणा वो सिकेन्द्र राणा वो धर्मेन्द्र राणा पिता स्व0 नान्हु राणा, मनोज राणा वो सनोज कुमार पिता स्व0 सोहर राणा वो रामपुकार राणा पिता स्व0 सुकर राणा वो झबुवा बढही पिता स्व0 खेमन बढ़ही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1267 | प्लॉट-1279 | प्लॉट-1268 | प्लॉट-1265 |
| 1295 | 9 | 1267 | नीज | टांड-III | 0.1100 | साहेब भूईयां, करमी देवी पिता स्व0 नागेश्वर भूईयां वो मुंशी भूईयां, जगदिश भूईयां पिता स्व0 भगन भूईयां, संतोष भूईयां पिता स्व0 निर्मल भूईयां वो केशरा भूईयां पिता स्व0 तुला भूईयां साकिन देह। | प्लॉट-1264 | प्लॉट-1266 | प्लॉट-1268 | प्लॉट-1265 |
| 1296 | 48 | 1268 | नीज | टांड-III | 0.6000 | भेखल महतो वो मानिक महतो वो सहेश्वर महतो पिता स्व0 जगन महतो वो हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार सुमन वो बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हकु महतो वो मो0 ईन्दु पति स्व0 मुरली महतो लोकन महतो पिता स्व0 डोमन महतो, प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो वो गणेश महतो पिता भुखल महतो वो हीरा महतो वो घुजा महतो पिता चान्दो महतो, रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो चरका महतो पिता जीवलाल महतो वो भूनेश्वर महतो वो मोहानी महतो वो केदार महतो वो कुमर महतो पिता स्व0 कोल्हा महतो वो मटुकधारी कुमार दांगी वो रामसेवक महतो पिता करम महतो वो चान्दो देवी पति स्व0 रेवा महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 धंगरू महतो वो सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो पंचम कुमार वो रविन्द्र कुमार पिता स्व0 लक्ष्मण महतो वो तालेश्वर महतो वो किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1262 | प्लॉट-1270 | प्लॉट-1269 | प्लॉट-1266 |
| 1297 | 2 | 1269 | नीज | टांड-II | 0.4900 | विश्वजीत चक्रवर्ती वो अनील चक्रवर्ती वो आशित कुमार चक्रवर्ती पिता स्व0 गोपाल चन्द्र पण्डा वो विश्वनाथ चक्रवर्ती वो सुभाष चक्रवर्ती पिता स्व0 भोलानाथ पण्डा वो सुनील चक्रवर्ती पिता स्व0 नोलिनचन्द्र पण्डा वो मुलिन बिहारी पण्डा पिता स्व0 गिरिश चन्द्र पण्डा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1262 | प्लॉट-1271 | गाली | प्लॉट-1268 |
| 1298 | 33 | 1270 | नीज | टांड-III | 0.3000 | भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह। | प्लॉट-1268 | प्लॉट-1274 | प्लॉट-1269 | प्लॉट-1278 |
| 1299 | 18 | 1271 | नीज | टांड-III | 0.1950 | बालेश्वर महतो, फागुन महतो, नीरू महतो, प्रमोद महतो, लालदेव महतो पिता स्व0 भोला महतो वो अकल महतो मृत पिता स्व0 देवकी महतो,(राम कुमार प्रसाद, संतोष कुमार पिता स्व0 अकल महतो) वो जुठन महतो पिता स्व0 धोन्धा महतो साकिन देह। | प्लॉट-1270 | प्लॉट-1272 | गाली | प्लॉट-1274 |
| 1300 | 18 | 1271/I | नीज | टांड-III | 0.0650 | फागुन महतो वो प्रमोद महतो वो लालदेव महतो माता नन्हकी देवी एवं पिता भोला महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1270 | प्लॉट-1272 | गाली | प्लॉट-1275 |
| 1301 | 54 | 1272 | नीज | टांड-III | 0.2700 | बालेश्वर महतो वो फागुन महतो वो प्रमोद महतो वो लालदेव महतो पिता स्व0 भोला महतो वो मो0 लिखिया देवी पति स्व0 अकल महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1271 | प्लॉट-1273 | गाली | प्लॉट-1274 |
| 1302 | 31 | 1273 | नीज | टांड-III | 0.1900 | हरिचरण गोप पिता शिवल गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट-1272 | प्लॉट-632 | गाली | प्लॉट-1274 |
| 1303 | 29 | 1274 | नीज | धान-III | 0.1600 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दु महतो साकिन देह। | प्लॉट-1270 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1272 | प्लॉट-1276 |
| 1304 | 29 | 1275 | नीज | टांड-III | 0.0100 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दु महतो साकिन देह। | प्लॉट-1276 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1274 | प्लॉट-1277 |
| 1305 | 29 | 1276 | नीज | टांड-III | 0.0600 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दु महतो साकिन देह। | प्लॉट-1270 | प्लॉट-1275 | प्लॉट-1274 | प्लॉट-1277 |
| 1306 | 36 | 1277 | नीज | टांड-III | 0.2200 | रामेश्वर महतो, अकलु महतो, चरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छटु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,...................... पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह। | प्लॉट-1278 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1276 | प्लॉट-1279 |
| 1307 | 43 | 1278 | नीज | टांड-III | 0.0900 | लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,.................. पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह। | प्लॉट-1266 | प्लॉट-1277 | प्लॉट-1270 | प्लॉट-1279 |
| 1308 | 48 | 1279 | नीज | टांड-III | 0.2900 | भेखल महतो वो मानिक महतो वो सहेश्वर महतो पिता स्व0 जगन महतो वो हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार सुमन वो बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हकु महतो वो मो0 ईन्दु पति स्व0 मुरली महतो लोकन महतो पिता स्व0 डोमन महतो, प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो वो गणेश महतो पिता भुखल महतो वो हीरा महतो वो घुजा महतो पिता चान्दो महतो, रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो चरका महतो पिता जीवलाल महतो वो भूनेश्वर महतो वो मोहानी महतो वो केदार महतो वो कुमर महतो पिता स्व0 कोल्हा महतो वो मटुकधारी कुमार दांगी वो रामसेवक महतो पिता करम महतो वो चान्दो देवी पति स्व0 रेवा महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 धंगरू महतो वो सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो पंचम कुमार वो रविन्द्र कुमार पिता स्व0 लक्ष्मण महतो वो तालेश्वर महतो वो किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1266 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1277 | प्लॉट-1280 |
| 1309 | 34 | 1280 | नीज | टांड-III | 0.1100 | फागुन गोप पिता स्व0 बन्धन गोप साकिन देह। | प्लॉट-1265 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1279 | प्लॉट-1281 |
| 1310 | 16 | 1281 | नीज | टांड-III | 0.0550 | दाशो गोप पिता स्व0 दुलार गोप वो फुलोन गोप पिता स्व0 गोपाल गोप गुजरा गोप पिता स्व0 टेको गोप साकिन देह। | प्लॉट-1265 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1280 | प्लॉट-1282 |
| 1311 | 16 | 1281/I | नीज | टांड-III | 0.0550 | सरिता देवी पति रूपेन्द्र यादव निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1265 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1280 | प्लॉट-1282 |
| 1312 | 7 | 1282 | नीज | टांड-III | 0.2900 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप उर्फ किटु गोप वो उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता जागो गोप साकिन देह। | प्लॉट-1265 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1281 | प्लॉट-1283 |
| 1313 | 5 | 1283 | नीज | टांड-III | 1.1400 | आन्दु महतो रामचरण महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 दुखी महतो वो सहजू महतो पिता स्व0 बाना महतो साकिन देह। | प्लॉट-1251 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1265 | प्लॉट-1247 |
| 1314 | 35 | 1284 | नीज | टांड-III | 0.0600 | चौधरी गोप, बिन्दु गोप, नन्दु गोप पिता स्व0 शुकर गोप वो हरजीवन गोप, जीतन गोप, कामेश्वर गोप पिता स्व0 खेदन गोप वो ललवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दशय गोप , किशोरी गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पति स्व0 रामधनी गोप वो कैला गोप पिता स्व0 कोल्हा गोप वो सोबरन गोप पिता स्व0 हरी गोप साकिन देह। | प्लॉट-1283 | प्लॉट-1283 | प्लॉट-1283 | प्लॉट-1285 |
| 1315 | 39 | 1285 | नीज | टांड-III | 0.1600 | चौधरी गोप, हरिचरण गोप पिता स्व0 शिवल गोप वो नन्दकिशोर यादव पिता स्व0 प्रयाग गोप, शुकर गोप पिता स्व0 बुलाकी गोप वो जयपाल गोप, विकाश गोप, प्यरी गोप, देवप्रकाश गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो शंभु गोप, परमेश्वर गोप, धनेश्वर गोप हेमन गोप, बिरण गोप पिता स्व0 ज्ञानी गोप वो बासुदेव गोप पिता स्व0 महाबीर गोप साकिन देह। | प्लॉट-1247 | प्लॉट-1283 | प्लॉट-1284 | प्लॉट-1288 |
| 1316 | 39 | 1286 | नीज | परती कदीम | 0.0100 | चौधरी गोप, हरिचरण गोप पिता स्व0 शिवल गोप वो नन्दकिशोर यादव पिता स्व0 प्रयाग गोप, शुकर गोप पिता स्व0 बुलाकी गोप वो जयपाल गोप, विकाश गोप, प्यरी गोप, देवप्रकाश गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो शंभु गोप, परमेश्वर गोप, धनेश्वर गोप हेमन गोप, बिरण गोप पिता स्व0 ज्ञानी गोप वो बासुदेव गोप पिता स्व0 महाबीर गोप साकिन देह। | प्लॉट-1246 | प्लॉट-1285 | प्लॉट-1285 | प्लॉट-1288 |
| 1317 | 70 | 1287 | नीज | टांड-III | 0.0700 | प्रभु गोप पिता स्व0 चमन गोप सा0 देह। | प्लॉट-1288 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1283 | प्लॉट-632 |
| 1318 | 66 | 1288 | नीज | टांड-III | 0.2700 | गांगो गोप, विशुन गोप, सहदेव गोप, दशरथ गोप पिता स्व0 नारायण गोप वो झमन गोप पिता स्व0 सुखलाल गोप सा0 देह। | प्लॉट-1244 | प्लॉट-1287 | प्लॉट-1285 | प्लॉट-1290 |
| 1319 | 66 | 1288/I | नीज | टांड-III | 0.2700 | सहजु महतो पिता बानो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1244 | प्लॉट-1287 | प्लॉट-1285 | प्लॉट-1290 |
| 1320 | 4 | 1290 | नीज | टांड-III | 0.2500 | कंचन महतो पिता लालधारी महतो देवाली महतो, केवाली महतो, अघनु महतो, बाबूलाल महतो, बुद्धिनाथ महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 बेचु महतो वो अमृत महतो, चेतलाल महतो, बली महतो पिता स्व0 बैजनाथ महतो वो मो0 बुची पति विनय महतो साकिन देह। | प्लॉट-1232 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1288 | प्लॉट-1231 |
| 1321 | 5 | 1291 | नीज | टांड-III | 0.1700 | आन्दु महतो रामचरण महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 दुखी महतो वो सहजू महतो पिता स्व0 बाना महतो साकिन देह। | प्लॉट-1290 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1289 | प्लॉट-1292 |
| 1322 | 38 | 1292 | नीज | टांड-III | 0.1400 | अन्तु राणा, मन्तु राणा, सरला राणा, गलका राणा पिता स्व0 बुधन बढही वो कैला राणा , मुटर राणा पिता स्व0 नन्हक राणा वो लीलू राणा, वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 शिवल बढही वो टेकन राणा पिता स्व0 यदू राणा वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राकेश राणा, अनुप राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा, विशुन राणा पिता स्व0 सुधा बढ़ही, वो जगदेव राणा पिता भूगली राणा , गणपति राणा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मीठु राणा वो मुलिया देवी, डोमनी देवी, मो0 नगीया पिता स्व0 जागो राणा, वो शिवलाल राणा पिता स्व0 गुना बढ़ही साकिन देह। | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1323 | 38 | 1292/I | नीज | टांड-III | 0.0750 | महाबीर राणा पिता कोमल राणा वो श्रीमति परमा देवी पति कोमल राणा सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1324 | 38 | 1292/II | नीज | टांड-III | 0.0200 | श्री सुरेश प्रसाद पिता श्री दशरथ गोप निवास ग्राम रेवाली, कटकमदाग, हजारीबाग। | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1325 | 38 | 1292/III | नीज | टांड-III | 0.0200 | श्री सुरेश यादव पिता श्री गणेश यादव निवास ग्राम पसई, कटकमदाग, हजारीबाग। | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1326 | 38 | 1292/IV | नीज | टांड-III | 0.0200 | श्री अशोक यादव पिता श्री गणेश यादव निवास ग्राम रेवाली, कटकमदाग, हजारीबाग। | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1327 | 38 | 1292/V | नीज | टांड-III | 0.0250 | सुरेश राणा पिता स्व0 किशुन राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1229 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1291 | प्लॉट-1227 |
| 1328 | 27 | 1293 | नीज | टांड-III | 0.0500 | यदु गोप, पुशन गोप माता स्व0 उगनी देवी (पति नान्दो गोप), बालदेव गोप-मृत -(गेन्सी देवी उर्फ गणेशी देवी पिता स्व0 बालदेव गोप), बन्धु गोप -मृत - (शंकर गोप वो दिनेश गोप पिता स्व0 बन्धु गोप) वो अकल गोप पुरण गोप पिता स्व0 करण गोप साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट-1227 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1292 | प्लॉट-1294 |
| 1329 | 27 | 1293/I | नीज | टांड-III | 0.0250 | सरस्वती देवी पति बन्धु गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट-1227 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1292 | प्लॉट-1294 |
| 1330 | 27 | 1293/II | नीज | टांड-III | 0.0250 | सरस्वती देवी पति बन्धु गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट-1227 | प्लॉट-632 | प्लॉट-1292 | प्लॉट-1294 |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-

उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग

PR 305837 (Land Reforms)23-24*D

## टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की, कीमत 10.29 लाख रुपये से शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी नवीनतम पेशकश - द ऑल न्यू (पूरी तरह नई) टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने (अगस्त 23) के शुरू में लॉन्च किया गया था। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारण, नई कॉम्पैक्ट बी-एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आराम, उत्कृष्ट ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करेगी। टीकेएम की नवीनतम पेशकश 10,29,000 रुपये से 13,68,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी और डिलीवरी 8 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। बुकिंग 11 हजार रुपये की टोकन राशि से शुरू होती है । सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5-लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के-सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तथा और ई-सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20.51 किमी/लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध, नई पेशकश वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम सहित उन्नत तकनीक का दावा करती है। टोयोटा आई -कनेक्ट से सुसज्जित , यह कार के अंदर के क्लाइमेट (जलवायु) के लिए रिमोट कंट्रोल, लॉक/अनलॉक, हजार्ड लाइट और कई अन्य कनेक्टेड सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें उन्नत सुरक्षा खासियतें हैं जैसे डुअल फ्रंट और फ्रंट सीट साइड एयरबैग्स, एबीएस विद ईबीडी, इंजन इम्मोबिलाइजर, इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी) और अन्य। यह घोषणा करते हुए, टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने कहा, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन को ग्राहकों की पूछताछ के संदर्भ में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद विनम्र और सम्मानित महसूस करते हैं।

## बिस्टुपुर एम रोड में खुला न्यू गणगौर स्वीट्स का आउटलेट



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिस्टुपुर एम रोड ( खाऊ गली के समीप) में न्यू गणगौर स्वीट्स के आउटलेट का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। जानकारी देते हुए आउटलेट के प्रोपराईटर सतबीर सिंह, दविंदर सिंह, हर्षदीप सिंह और राजमन सिंह ने बताया कि यह जमशेदपुर में 8 वां गणगौर का आउटलेट है। इस आउटलेट में स्वीट्स के साथ साथ साउथ इंडियन है। हर्षदीप सिंह ने बताया कि सुबह अरदास के साथ इस आउटलेट का शुभारंभ हुआ। श्री सिंह ने आगे बताया कि इस आउटलेट में स्वीट्स के अलावा स्नेक्स, बेकरी और साउथ इंडियन के काफी आइटम उपलब्ध रहेंगे। मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बालिगुमा बागान एरिया में बनेगा बाबा भोले शंकर का भव्य मंदिर, भूमि पूजन कल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर समिति द्वारा एनएच-33 बालीगुमा बागान एरिया में बाबा भोले शंकर का भव्य मंदिर बनेगा, जिसका भूमि पूजन सावन के अंतिम दिन 31 अगस्त को होगा। यह जानकारी प्रेस बयान जारी कर श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष नंदू प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में बजरंगबली की भी मूर्ति स्थापित की जाएगी। भूमि पूजन 31 अगस्त की सुबह 9ः00 बजे से शुरू होगा। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर समिति समित में उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव गेना सिंह, कोषाध्यक्ष शिव शंकर राय, संचालक अविनाश डोगरा के साथ-साथ कार्य समिति में अजय झा, भूषण प्रसाद, मनीष मिश्रा, शिवप्रसाद, शंकर प्रसाद, कुणाल प्रसाद, अमित सिंह, भरत प्रसाद आदि शामिल है। इस मंदिर निर्माण में स्थानीय निवासी व समाजसेवी जितेंद्र सिंह की भी भागीदारी होगी।

## आजसू नेता सन्नी ने लखीमपुर निवासी गरीब को किया सहयोग



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड अंतर्गत लखीमपुर निवासी निर्धन गोविंद नाथ जोगी के परिवार को आजसू पार्टी ने नेता सन्नी सिंह द्वारा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर सहायता की गई। ज्ञात है कि गोविंद नाथ की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। इस कारण उनके घर में खाद्य सामग्री का अभाव भी है। कुछ दिन पूर्व उनकी माता का निधन भी हो गया था। बताया गया है कि गोविंद पूरे गांव में घूम घूमकर सितार बजाकर लोगों का मनोरंजन कर अपना जीविकोपार्जन चलाता है। सन्नी सिंह ने वृद्ध गोविंद नाथ को भविष्य में भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उनके साथ मनोज कुमार, रॉबिन हांसदा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति बाइडेन व पीएम मोदी दोनों देश के बीच शिक्षा व रिसर्च के प्रति गंभीर : मेलिंडा पावेक

### एक्सएलआरआई में आउटरिच विजिट पर पहुंची अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक, विद्यार्थियों व प्रोफेसरों से की बातचीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्पति जो बाइडेन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी व भारतीय शिक्षण संस्थानों में बेहतर शिक्षा व रिसर्च के प्रति गंभीर हैं. दोनों देशों के शिक्षा व रिसर्च को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है. अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक आउटरिच विजिट के तहत गत 25 अगस्त को एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस पहुंची थी. उन्होंने इसके लिए स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम को गति प्रदान करने की बात कही. कहा कि अमेरिका में फिलहाल करीब 20,000 भारतीय पढ़ाई कर रहे हैं, विकासशील छात्रों को अपने देश के प्रति अच्छी समझ भी है. पावेक ने कहा कि अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का




सपना है कि अधिक से अधिक अमेरिकी छात्र भारत आएं और वे भारत की विविधता, ऊर्जा यहां के लोगों के टैलेंट को करीब से जानें. स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम से दोनों देशों का ना सिर्फ फायदा होगी बल्कि हॉलिस्टिक ग्रोथ भी संभव होगा. विद्यार्थियों से बातचीत के क्रम में मेलिंडा पावेक ने कहा कि हमारी एजुकेशनल सिस्टम व एकेडमिक कैलेंडर में काफी अंतर है. एकेडमिक कैलेंडर को साझा प्रयास से इस प्रकार से तैयार करने की आवश्यकता है कि भारत व अमेरिकी शिक्षण संस्थानों का कैलेंडर इस प्रकार हो कि दोनों देश के विद्यार्थी समर इंटर्नशिप पर अलग-अलग देशों में जा सकें. विभिन्न सेमेस्टर को भी नये सिरे से डिजाइन करने पर बल दिया. मेलिंडा पावेक से एक प्रोफेसर ने पूछा कि अमेरिकी वीजा एप्लीकेशन प्रोंसेस में देरी की क्या वजह है, इस सवाल का जवाब देते हुए मेलिंडा पावेक ने कहा कि यूएस मिशन इन इंडिया के लिए एजुकेशन एंड रिसर्च कोलैब्रेशन करना टॉप प्रायोरिटी है. वीजा टीम द्वारा कम से कम समय में वीजा के लिए इंटरव्यू लिया जाए, और उन्हें वीजा मिले इसके लिए कार्य किया जा रहा है.

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत ह्यूमैनिटी फाउंडेशनके तत्वाधान पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता धतकीडीह स्थित बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर मैदान में किया गया। टेनिकोइट कोच शहाबुद्दीन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष असलम मलिक और अली राजा खान संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता मैं 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल बड़ा डीआरएम बॉयज और एसकेएफसी के बीच हुआ, जिसमे विजेता डीआरएम की टीम रह। मौके पर सिकंदर, दाऊद, सईद एहसान, जावेद, खान, अजीज अख्तर, आबिद खान, समी अहमद, जमालुद्दीन आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में 11 मामलों पर नियुक्ति के लिए दी गई स्वीकृति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता मे जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक मे 12 मामलों पर चर्चा उपरांत सर्व सहमति से 11 मामलों पर नियुक्ति के लिए स्वीकृति दी गई। जिन्हे स्वीकृति के लिए अनुशंसित किया गया है उनसे सम्बन्धित विभाग को सूचित कर आवेदन मे संलग्न सभी दस्तावेजो का वेरिफिकेशन बेहतर ढंग से करा लेने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। इस बैठक मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता एवं सम्बन्धित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कल होने वाली सभी परीक्षाओं को कोल्हान विवि ने किया स्थगित, कुणाल षाडंगी ने किया था ट्वीट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कोल्हन विश्वविद्यालय ने रक्षाबंधन की छुट्टी में तब्दीली कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार अपराह्न को अधिसूचना जारी करते हुए यह बताया है कि रक्षाबंधन की छुट्टी 30 के बजाय अब 31 अगस्त को रहेगी। साथ ही 31 अगस्त को होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अधिसूचना में बताया गया है की परीक्षाओं की अगली तिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से बाद में घोषित की जाएगी। मालूम हो की छुट्टी को



बदलने को लेकर पूर्व विधायक सह बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलपति सह प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार से मांगी थी। वहीं राजभवन तथा झारखंड सीएमओ के ट्विटर हैंडल को टैग करते हुए ट्वीट किया था। ट्वीट में कुणाल ने लिखा था की 31 अगस्त यानी की रक्षाबंधन के दिन केयू ने एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर सहित कई अन्य विषयों की परीक्षाएं निर्धारित कर रखा है। यह विचारणीय है। उन्होंने परीक्षाओं को स्थगित करने की माँग की थी। भाजपा प्रवक्ता कुणाल की ट्वीट के महज 3 घंटों के अंदर कोल्हान विश्व विद्यालय प्रशासन ने संबंधित आदेश जारी कर दिया है। कुलपति के निर्देशानुसार विवि के कुलसचिव ने संबंधित कार्यालय आदेश निर्गत किया है। मालूम हो की कुणाल षाडंगी केयू के सीनेट सदस्य भी हैं। उधर जमशेदपुर के निजी स्कूलों को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई प्राइवेट स्कूलों में रक्षाबंधन के दिन (31 अगस्त) परीक्षाएं निर्धारित है। ऐसे में अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस मामले में भी प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। वहीं कुणाल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक से उचित संज्ञान लेकर संबंधित आदेश जारी करने का भी अनुरोध किया है।

# राशन डीलर व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विधायक ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड सभागार में मंगलवार को विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में राशन डीलरों, पदाधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों का संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने डीलरों को राशन समय पर उपलब्ध, लाभूकों को समय पर और सही माप के साथ उपलब्ध, दिसम्बर माह का राशन उपलब्ध और राशन में डीलरों को कटौती करने का मामला छाया रहा। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने समय पर राशन उपलब्ध कराने, राशन कार्ड से



नाम हटाने व जोड़ने को सुगम बनाने का मांग किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि आज बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों व डीलरों का समस्याओं को सुना गया एवं दोनों पक्षों का समस्याओं को लेकर उच्च पदाधिकारी से बात कर इसे दुर करने का पहल किया जाएगा। मौके पर सीओ भोलाशंकर महतो, एमओ राजकुमार रजक, एजीएम किरिटी भूषण गोप, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, किसुन किस्कू, बिपीन सिंह मुण्डा, निताई उरांव आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक के श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक व समाज सेवी, उनके नाम लगाया वृक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** ईचागढ़ प्रखण्ड के सीतु पंचायत गांव कुटाम में विधायक सविता महतो ने स्वर्गीय शिक्षक बिहारी लाल सिंह मुंडा के श्रद्धानुष्ठान में शामिल होकर उनके प्रांगण परिसर में स्वर्गीय शिक्षक के स्मृति में आम का वृक्ष लगाकर एक नई परंपरा की शुरुआत की है। कुकडु प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदूरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिहारी लाल सिंह मुंडा का गत 18 अगस्त को अचानक हृदया घात आने से ब्रह्मानंद अस्पताल ले जाते समय रास्ते में देहांत हो गया था। वे मृदुभाषी, झुमुर संगीत



के कवि, राज दरबारी नृत्य के रसिक, संगीत प्रेमी , वाक् कुशलता एवं शिक्षा के प्रति समर्पित भावना के धनी व्यक्ति थे। इधर इस श्रद्धानुष्ठान में आजसू नेता हरेलाल महतो के छोटे भाई देवराज महतो ने भी उपस्थित होकर उनके प्रांगण में बेल वृक्ष लगाकर आगे के लिए एक स्मृति स्थापित कर दिया। मौके पर समाजसेवी अशोक पुनअरिआर, गुणधाम मुतरुआर, कलेश्वर कआड़उआर, रमेश काड़ुआर, शीतल पुनअरिआर, कृष्णचंद्र काटिआर, चित्तरंजन, रुपचांद सिंह मुंडा, डॉ0 मनोरंजन महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर, छोटु प्रामाणिक आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## गम्हरिया बेसिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र की गड्ढे में डूबने से मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया बेसिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र शुभंकर मंडल की स्कूल के समीप ही बने एक गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि मंगलवार को वह टिफिन ब्रेक में बाहर निकला था। इसी दौरान स्कूल के पास ही बने एक गड्ढे में फिसल कर वह गिर गया। विगत दिनों हुई बारिश के कारण गड्ढे में पानी भरा था जिसमें वह डूब गया। विद्यालय के अन्य बच्चो द्वारा इसकी सूचना विद्यालय के शिक्षको को दी गई। इसकी सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन, स्थानीय पार्षद ममता बेज समेत कई ग्रामीण वहां पहुंचे और



बच्चे को गड्ढे से निकालने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद छात्र को गड्ढे से निकाला जा सका। स्थानीय पार्षद ममता बेज द्वारा उसे अपनी स्कूटी से गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा छात्र का इलाज प्रारम्भ किया गया किन्तु तबतक उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने बिस्टुपुर निवासियों को फिटनेस जोन समर्पित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, बिस्टुपुर के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने जी-टाउन ग्राउंड, बिस्टुपुर में फिटनेस जोन समर्पित किया। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा के साथ इस सुविधा का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में टाउन ओ एंड एम और आरई के वरिष्ठ महाप्रबंधक



कैप्टन धनंजय मिश्रा, जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे और टीडब्ल्यूयू के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने इस प्रयास के महत्व को रेखांकित किया। 8075 वर्ग मीटर (95 मीटर × 85 मीटर) के व्यापक क्षेत्र को कवर करते हुए, जी-टाउन ग्राउंड में फिटनेस जोन मार्च 2023 से शुरू होकर 6 महीने की अवधि में विकसित किया गया, जो अगस्त 2023 में पूरा हुआ। फिटनेस ज़ोन में एक पार्क क्षेत्र, एक पैदल ट्रैक, एक समर्पित वरिष्ठ नागरिक क्षेत्र, योग के लिए जगह, आरामदायक बैठने की जगह और खेल प्रेमियों के लिए खेल कोर्ट शामिल हैं। फिटनेस जोन में 16 ओपन जिम और 12 बच्चों के खेलने के उपकरण, एक वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट शामिल हैं। वॉकर ट्रैक की लंबाई 960 मीटर है। फिटनेस जोन सुबह खुलने का समय सुबह 5 बजे 9 बजे तक रहेगा एवं शाम में 4 बजे से रात 9 बजे तक होगा

# लांडुपदा के कारोडीह में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** बंदगांव प्रखंड के लांडुपदा पंचायत अंतर्गत कारोडीह गांव में बिजली समस्या को लेकर ग्राम मुंडा रामराय बोदरा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि कारोडीह गांव में पिछले 20 दिनों से 25 केवी के ट्रांसफार्मर जलने के कारण खराब पड़ा हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ



विजय सिंह गागराई को ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता, आपूर्ति अवर प्रमंडल चक्रधरपुर के नाम एक आवेदन लिखकर तथा ग्रामीणों ने इसपर हस्ताक्षर कर सौंपा। डॉ गागराई ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलवाने का भरोसा दिया. मौके पर रमाकांत ताँती, हरिलाल ताँती, अभिराम हेम्ब्रम, राजकुमार पूर्ति, मोहन बोदरा, इंदु देवी, पंगला पूर्ति, रिंकी हेम्ब्रम, जयंती हेम्ब्रम, सुजीता हेम्ब्रम, हेरि गागराई, जोगा होनहागा, सुरु हेम्ब्रम, बमाई हेम्ब्रम, सुखलाल गागराई, विजय बोइपाई, दुलीप हेम्ब्रम, सलूका बोदरा के साथ कई मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला स्तरीय वन अधिकार समिति मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा धालभूम एवं घाटशिला अनुमंडल से प्राप्त वन पट्टा के दावा अभिलेखों की समीक्षा की गई। समीक्षा हेतु अनुमंडल वन अधिकार समिति, धालभूम से प्राप्त 42 व्यक्तिगत एवं 04 सामुदायिक दावा अभिलेख एवं घाटशिला अनुमंडल से प्राप्त 142 व्यक्तिगत एवं 13 सामुदायिक दावा अभिलेख की क्रमवार समीक्षा की गई। दोनों अनुमंडल में ऐसे कई लाभुक थे जिन्हें 2 डिसमिल से 4 डिस्मिल तक का अनुमोदन अनुमंडल स्तर से किया गया था जिसपर उपायुक्त द्वारा अप्रसन्नता जताई गई। वैसे

**वन पट्टा दावा की हुई समीक्षा**



लाभुक जिन्हें 02 डिसमिल से 04 डिसमिल के वन पट्टा के लिए अनुमोदन किया गया था, उनमें कुछ लोगों से उपायुक्त - सह- अध्यक्ष जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा वीडियो कॉल कर बात किया गया । उन्होने लाभुकों के वर्तमान निवास स्थान को वीडियो कॉल से देखा जिसमें अनुमोदन से ज्यादा क्षेत्रफल की जमीन पर वे निवास करते पाये गए । मौके पर उन्होने समिति सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित वन पट्टा दावा में क्षेत्रफल कम एवं अव्यवहारिक है, इसकी पुनर्समीक्षा करते हुए 07 सितंबर तक अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति से ऐसे लाभुकों के लिए कम से कम 10 डिसमिल वन पट्टा का अनुमोदन देने का प्रयास करें। साथ ही उन्होने कहा कि वन पट्टा के दावों में व्यवहारिकता की जांच जरूर करें, ग्रामीण निवास क्षेत्र में पूरा ईको सिस्टम होता है जिसमें लोग पशुपालन के लिए शेड या थोड़ी सी जमीन पर साग-सब्जी के लिए बाड़ी भी रखते हैं, इसका विशेष ध्यान रखें । बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला परिषद सदस्य घाटशिला देवयानी मुर्मू, जिला परिषद सदस्य पोटका सोनामनी सरदार, जिला परिषद सदस्य मुसाबनी लखी मार्डी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

# सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा आज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस, जाँच केंद्र, जिरियाट्रिक वार्ड, दवा स्टॉक के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सकों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने तथा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बेहतर सेवाएं जनता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का उपायुक्त हिमांशु मोहन ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया। अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पश्चात् ब्लड बैंक, लातेहार में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का उपायुक्त ने शुभारंभ किया। थैलेसीमिया डे केयर यूनिट में थैलेसीमिया के मरीजों का ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, चतरा श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन पट्टा से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे। उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरे दिन पत्रकारों के द्वारा किक मारकर मैच का हुआ शुभारंभ



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में हो रही सरदार बल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरे दिन का शुभारंभ पत्रकारों के द्वारा किक मारकर किया गया। मुख्य अतिथि पत्रकार संघ रहे। साथ ही साथ राजनीतिक दल के लोग एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व इसके बाद फुटबॉल को किक मारकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।उदघाटन मैच फुटबॉल एकेडमी आईएफसी हजारीबाग क्लब की टीम व डोहरी के बीच खेला गया।खेल आपसी सदभाव को जोड़ता है।इससे भाईचारगी भी बढ़तीहै। खेल की शुरुआत के पहले हॉफ में ही डोहरी की टीम ने 1-0 की निर्णायक बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में हजारीबाग के खिलाड़ियों ने संघर्षशील प्रदर्शन किया। मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। मैन ऑफ द मैच सुमित कुमार को दिया गया। अंत में प्लेंटी शूटआउट के माध्यम से 5-3 आईएफएससी का टीम हजारीबाग विजय हुई।

## खेल प्रतिस्पर्धा का हुआ आयोजन




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के माननीय सचिव महोदय अंजू गुप्ता प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद एवं महाविद्यालय के कर्मचारी व्याख्याता गण सर्वप्रथम फिट इंडिया शपथ स्वयंसेवक छात्र छात्राओं को दिलाया गया। महाविद्यालय परिसर में ही खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया फन एक्टिविटीज के अंतर्गत लेमन रेस लंगड़ी खेल हुआ लेमन रेस में उषा कुमारी प्रथम,आरती कुमारी द्वितीय, जर्मनी कुमारी तृतीय, और लंगडी दौड़ प्रतियोगिता में उषा कुमारी अंजू कुमारी प्रथम, आरती कुमारी सकल्थी कुमारी द्वितीय, अनुप्रिया कुमारी नेहा कुमारी तृतीय, स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव महोदय बच्चों को उत्साहित करते हुए आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करने का निर्देश किया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्राओं को खेल के प्रति उत्सवर्धन भाग लेने का अनुरोध किया कार्यक्रमों का संचालन नवल किशोर प्रसाद ने किया।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** ऐतिहासिक स्वर्गीय उमाकांत पाठक खेल मैदान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि +2 जनता उच्च विद्यालय के प्रबंधन समितिअध्यक्ष विनय कुमार व विशिष्ट अतिथि संगीता देवी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पवन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पूरे भारतवर्ष में आज के दिन मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने 8 गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रौशन किया था और आज उन्हीं के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर खेल कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें 200/100 मीटर की लंबी दौड़, चम्मच दौड़, 100 मिटर जलेबी दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्रभात कुमार, रेशमा कुमारी, जय रानी, अंकित कुमार, दीपक कुमार, पूनम कुमारी, ब्यूटी कुमारी, द्वितीय स्थान पवन कुमार, मुस्कान कुमारी, दीप्ति कुमारी, ऋषि कुमार, राहुल रविदास, ईशा कुमारी, उमा कुमारी, तृतीय स्थान अंतरिक्ष गुप्ता, एनिमा कुमारी, कुनिता कुमारी, मिथुन कुमार, राहुल कुमार, पल्लवी कुमारी, मनीषा कुमारी ने प्राप्त किया। जिन्हें मेटल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार मृत्युंजय कुमार, अमित कुमार उर्फ हनी, स्वास्थ्य कर्मी अरविंद कुमार, पिंटू कुमार वर्मा कैलाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में हुआ जनता दरबार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में मंगलवार को जनता दरबार कार्यक्रम एवं पंचायत समिति सदस्यों की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव भी उपस्थित थे। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। तो कई निर्देश भी दिए गए। बताते चलें कि बैठक में पंचायती राज का नियमों का पालन करने को लेकर प्रखंड के सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधि ने कहा। साथ ही साथ प्रमुख ने किसी भी योजना को प्रशासनिक करने के लिए प्रखंड प्रमुख का निर्देश का पालन करने की बात कही गई। प्रखंड में चल रहे कार्य मनरेगा से संबंधित या 15वीं वित्त आयोग से संबंधित पक्के वर्ग की राशि लाभुक के खाता में दिया जाए। इसे पारित किया जाए। भेंडर के खाता में यह राशि को न दिया जाए। कहा प्रखंड प्रमुख ने। प्रमुख ने बतलाई की 6-8 के सहायक शिक्षकों का वेतन मान में वृद्धि के लिए प्रखंड से सुकृति दे दी गई है। बलबल बीआरसी में सफाई कर्मी में कार्यरत व्यक्ति अब तक कभी भी कार्यालय नहीं पहुंचा जिसे जल्द से जल्द हटाने की बात कही गई। एवं जो व्यक्ति ततक्षण में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत है। उसे नियुक्त किया जाए। एवं वेतनमान दिया जाए। इस बात को भी प्रमुख ने कहा। मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश वर्मा रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी जेएसएलपीएस के अधिकारी एफटीसी अनिल प्रजापति जनसेवक उज्जवल कुमार सिंह मनोज मिश्रा रामदेव ठाकुर मनोज कुशवाहा एवं प्रखंड के कर्मी के साथ पंचायत समिति सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आकांक्षी कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**महुआडाड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडाड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में प्रखंड आकांक्षी कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रखंड कर्मी, मुखिया, स्वयंसेवक, सहीया, जेएसएलपीएस, समेत उपस्थित सभी लोगों को एसडीओ नित निखिल सुरीन के द्वारा प्रखंड आकांक्षी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने जानकारी देते हुए बताया कि महुआडाड़ प्रखंड को आकांक्षी कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है, जिसमें 4 सितंबर को चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। आकांक्षी कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास इत्यादि जानकारियां एकत्रित करने की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, अंचल निरीक्षक गौतम कुमार, संजय मिंज, श्वेता कुमारी, एलिजाबेथ, गोपाल सिंह, शमीम अंसारी, रेनू तिग्गा, उषा खलखो, समेत सभी पंचायत के पंचायत सेवक, मुखिया, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका, सेविका उपस्थित रहे।

## बीडीओ के निर्देश पर बिरहोर टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथु महतो के निर्देशानुसार आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित बीमार व्यक्तियों का इलाज कर रहे टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर जय नारायण ने बताया कि बरसात के दिनों में हो रहे मौसमी बीमारियों के कारण अधिकांश लोग बीमार पड़ रहे हैं। बीमार व्यक्तियों का मलेरिया, टाइफाइड, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि कई प्रकार के बीमारियों का खून जांच कर लोगों को दवाई दिया गया, एवं बीमारी से बचने के कई उपाय भी बताया गया। डॉक्टर जय नारायण ने बताया कि अधिकांश लोग बुखार, सर्दी, खांसी से पीड़ित हैं, जिनका समुचित इलाज किया गया है। साथ ही असहाय वर्ग के लोग जो शिविर तक नहीं जा सकते थे उनके घर-घर में जाकर भी उनका चेकअप करते हुए दवाई दिया गया। इस शिविर में महिला, पुरूष एवम् बच्चो सहित लगभग पच्चास लोगों का ईलाज किया गया। स्वास्थ्य जांच को लेकर बीडियो रंथु महतो ने बताया कि बिरहोर परिवारों के बीच उनके द्वारा हमेशा इस तरह के कई कार्य किया जाता है। इस स्वास्थ जांच में डाश जय नारायण के सहयोगी के रूप में एएनएम कांति कुमारी, लैब टेक्नीशियन कविता कुमारी, एएनएम मीना कुमारी सामिल थे।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफतार भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार स्थायी वारंटी / लाल वारंटी की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा अग्रेतर कार्यवाही करते हुए स्थायी वारंटियों के विरुद्ध छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में स्थायी वारंटियों 01. चंदन कुमार, उम्र 36 वर्ष, पे0 स्व0 शंकर साव, सा0 तरवाडीह, 02. बिरेन्द्र सिंह उर्फ कुनु सिंह, उम्र 38 वर्ष, पे0 कमल नाथ सिंह, सा0 नावाडीह कुसुमटोला 03. रविन्द्र राम, उम्र 38 वर्ष, पे0 शिव राम, सा0 सिसी, तीनों थाना व जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।अन्य स्थायी वारंटियों के विरूद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि वारंटियों की गिरफ्तारी यथाशिघ्र किया जा सके। छापामारी दल में शामिल पु0नि0 सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, लातेहार थाना पु0अ0नि0 मो0 शाहरुख, पु0अ0नि0 राज रौशन सिन्हा, पु0अ0नि0 देवानन्द कुमार, स0अ0नि0 रविन्द्र महली, स0अ0नि0 नागेश्वर महतो, लातेहार थाना, सशस्त्र बल शामिल थे।

## अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन की पहल पर धूमधाम से हुई बच्ची की शादी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा के पठान टोला में मंगलवार को अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी का पहल रंग लाई। जहां कमेटी के सहयोग से गांव के ही मरहुम नसरुद्दीन खां की पुत्री की शादी बड़ी धूमधाम से हुई। जहां बच्ची की बारात गढवा जिले से दस बजे दिन में पहुंचा जिसकी खैरमकदम कमेटी के सदर निजाम खान की सदारत में गांव वालों ने बड़ी सादगी से किया। मौके पर सदर निजाम खान ने कहा कि गरीब यतीम बच्ची की शादी में कमेटी के साथ गांव वालों का सहयोग बढ़-चढ़कर रहा। उन्होंने कहा कि यह बेहतरीन शुरुआत हुई है आगे भी यह नेक काम के लिए हम सब तत्पर रहेंगे। मौके पर नायब सदर अलाउद्दीन खां, सेक्रेटरी कयूम खां, नायब सेक्रेटरी असरफ खां, शकील खां, मंजूर खां, मुस्लिम खां, शमीम खां आशिक खां, वाजिद खां, इमामुल खां, तौकीर खां, हसनैन खां, शहाबुद्दीन अंसारी, आफताब खां, कालीम खां, गुलजार खां, मेहंदी हसन खां, मासुम खां समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हंटरगंज में देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज को लेकर विरोध प्रदर्शन



**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंतरगंज के देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज विरोध संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को एक बड़े जन आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आक्रोश रैली प्रतापपुर मोड़ से प्रारंभ होकर हंटरगंज बाजार होते हुए लगभाग दो किलो मीटर की यात्रा तय कर नवाडीह मोड़ होते हुए ब्लॉक मैदान में एक जन सभा में तब्दील हो गई। प्रखण्ड के दस प्रभावित पंचायतों के 107 गांव के हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर यह संदेश देने का प्रयास किया की किसी भी कीमत पर सरकार की देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज के मंसूबा को सफल नही होने देने का संकल्प दोहराया गया। जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि दलगत की भौनाओ से उपर उठ कर लोग आज इस एतिहासिक भीड़ में अपना योगदान देकर यह साबित कर दिए हैं कि अपनी जमीन बचाने के लिए आज जैसे एकीकृत हुए हैं।वैसे ही इस आंदोलन को अमली जामा पहनाने के लिए किसी भी हद तक जाया जा सकता है।विस्थापन की नीति भी हम ब्रादस्त नही कर सकते। प्रतिनिधियों ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह क्षेत्र सद्भावना और अमन शांति के लिए जाना जाता है।इसे हर हाल में बचाने का प्रयास किया जायेगा।महिला जन प्रतिनिधियों ने कहा कि इतिहास गवाह है कि देश की स्वतंत्रता आंदोलन में जिस तरह से महिलाओं ने महती भूमिका निभाई थी आज हम सब फिर उसी मोड़ पर खड़े हैं।महिलाओं ने कहा कि यह जान सभा साक्षी है कि ग्रामीण और गृहणी महिलाएं चूल्हा चौकी छोड़ कर अपनी जमीन बचाने के लिए आंदोलन में कुद पड़ी है।इस लिए यह आंदोलन और भी धारदार होगा।सरकार को हर हाल में प्रस्ताव वापस लेना होगा नही तो जमीन बचाने को लेकर कोई भी कीमत अदा करने को तैयार हैं।फायरिंग रेंज वापस लो के नारे भी गूंजता रहा।

## त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति डीएलसीसी व समीक्षा समिति, डीएलआरएसी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जून तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में उप विकास आयुक्त ने छात्र छात्राओं के बेहतर पढ़ाई हेतु बैंकों द्वारा विद्यालयों में लगाए गए एजुकेशन लोन कैंप की समीक्षा करते हुए कहा प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में एजुकेशन लोन कैंप का आयोजन कर छात्र छात्राओं को लाभान्वित करें। जिससे जिले के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग मिल सके। साथ ही आगे कहा हाउस लोन पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 29.34 प्रतिशत है जिसे 35 प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोला जाय ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके।उप विकास आयुक्त ने जिले के प्रखंड क्षेत्रों में लगे एटीम एवं एटीम में कैस की उपलब्धता की समीक्षा की।

## सीआरपीएफ 11वीं वाहिनी ने रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच 11वीं वाहिनी एवं 214वीं वाहिनी के मध्य खेला गया जिसमें 11वीं वाहिनी ने 214वीं वाहिनी को 01-00 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। विजेता टीम को विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी, 11वीं बटा0 ने ट्राफी प्रदान किया तथा अभिनव आनन्द, द्वितीय कमान अधिकारी, 214वीं बटा0, डॉ0 अमूल्या कूजूर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, 11 बटा0 ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों एवम मैच रेफरी तथा लाईनमैन को पुरस्कृत किया।ज्ञात हो कि पंकज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ पलामू रेंज के निर्देश पर दो दिवसीय रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता 11वीं बटालियन सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट वेद प्रकाश त्रिपाठी के मार्ग-दर्शन में पुलिस लाईन लातेहार के खेल मैदान में कराया गया था। इस प्रतियोगिता में पलामू रेंज कि 05 बटालियन (11,112, 134,172 एवं 214 बटा0 ) भाग ली थी। इस प्रतियोगिता में 11 बटालियन और 214 बटालियन फाइनल में पहुँची थी। इस मौके पर केडी जोशी कमाण्डेन्ट - 214 विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी 11वीं बटा अभिनव आनन्द, द्वितीय कमान अधिकारी, 214वीं बटा0 डॉ0 अमूल्या कूजूर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, 11बटालियन प्रणव आनन्द झा, उप कमा मुकेश कुमार, उप कमा0 सुबेदार मेजर राजा सिहं तोमर, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक रमाकान्त सिंह, सहा. उप निरी0 राम बचन तिवारी, हवलदार शैलेन्द्र कुमार दास, हवलदार शैलेन्द्र कुमार, सि0 ओम प्रकाश पाण्डेय और बटालियन के जवान उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदस विद्यालय के प्रांगण में राखी मेकिंग व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं रक्षाबंधन के अवसर पर श्रीदस इंटरनेशनल विद्यालय के प्रांगण में राखी मेकिंग एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर खो- खो एवं चेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। साथ ही जिन बच्चों ने लेखन प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, उन्हें पुरस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा पांचवीं से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी हस्तकला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सुंदर सुंदर राखियाँ बनाई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के अंदर की छुपी प्रतिभा को बाहर निकाल उनका चौमुखी विकास करता है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आर्ट- क्राफ्ट की समझ बढ़ती है। साथ ही बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जो उनकी सफलता का साधन बनता है।

### भामाशाह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के वन्दना सभा में सस्कृति बोध परियोजना में अपने परचम लहराने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्या भारती अखिल भारती शिक्षण संस्थान अपने देश की सभ्यता और संस्कृति के उत्थान का कार्य करती है और समय समय पर अपने भैया बहनों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन करती है।संस्कृति बोध परियोजना में विद्यालय से संकुल और संकुल से विभाग स्तर की प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए मालवीय मार्ग हज़ारीबाग़ में कोडरमा, गिरीडीह, चतरा और हज़ारीबाग़ ज़िला से आये भैया बहनों के बीच अंग्रेज़ी, संस्कृत और संस्कृति बोध परियोजना की प्रतियोगिता में भैया आदर्श कुमार सिंह, बहन श्रेया कुमारी व बहन कोमल कुमारी ने संस्कृति बोध परियोजना में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अखिल भारतीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ प्रदान किये।

### आईलेक्स में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार, कलाई पर बांधी प्यार की राखी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांच में मंगलवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। शनिवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य शैलेश कुमार ने बताया की भारत देश के अनगिनत त्योहारों में से एक है रक्षा बंधन। रक्षाबंधन यूँ तो एक हिंदू त्योहार है लेकिन सभी भारतवासी भाई-बहन के इस त्यौहार को बढ़ चढ़ कर मनाता है। हर वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर उनकी लम्बी उम्र, सुरक्षा और सद्भावना के लिए 卐राखी卐 बांधती हैं। राखी के बदले में भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनकी सुरक्षा करने की शपथ लेते हैं। रक्षाबंधन पर बाढ़ि जाने वाली राखी भाइयों की भलाई के लिए बहनों की प्रार्थना और भाइयों द्वारा सुरक्षा के वादे का प्रतीक है।

### नगर निगम द्वारा शहरवासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम की एक बड़ी आबादी छडवा डैम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा सप्लाई की जाने वाली पीने के पानी पर निर्भर है. 28 और 29 अगस्त को नाम मात्र का पानी बिना फिल्टर किए हुए शहर वासियों के लिए सप्लाई किया गया. इस संबंध में सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने आयुक्त, नगर निगम को पत्र लिखकर बताया है कि 1954 में शहर की आबादी को देखते हुए छड़वा डैम का निर्माण करवाया गया था, ताकि इस डैम से शहर वासियों को पीने का स्वच्छ पानी दिया जा सके. इसके लिए छड़वा डैम के पास ही फिल्टर प्लांट लगाया गया था जो अभी भी चल रहा है लेकिन दुखद बात यह है की 69 वर्षों बाद भी इस छड़वा डैम से शहर वासियों को पीने का पानी की सप्लाई हो रही है जबकि जनसंख्या इन 69 वर्षों में कई गुना बढ़ गया है साथ ही इन 69 वर्षों में छड़वा डैम में पानी रखने की क्षमता लगातार घटते जा रही है. शहर वासियों को समय पर पानी न देना और बिना फिल्टर किए हुए पानी देना यह न सिर्फ अमानवीय है बल्कि यह एक आपराधिक कृत्य भी है.

### रेन्बो स्कूल बरही में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी चार हाउस में अंबेडकर हाउस, भगत सिंह हाउस, चंद्रशेखर हाउस एवं दयानंद हाउस के बच्चे शामिल हुए। जिनमे बालिकाओं की कबड्डी जूनियर ग्रुप में विजेता भगत सिंह हाउस एवं उपविजेता अंबेडकर हाउस, वही सीनियर ग्रुप में भी विजेता भगत सिंह हाउस बनी। वॉलीबॉल में विजेता चंद्रशेखर हाउस, उपविजेता भगत सिंह बने। खो - खो में दयानंद हाउस विजेता एवं उपविजेता भगत सिंह बने। लड़कियों की सीनियर खो-खो प्रतियोगिता में भगत सिंह विजेता और उपविजेता दयानंद हाउस रही। प्रतिभागियों को शुभकामनाए देते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने खेल प्रतियोगिता का आरंभ किया।

### श्राद्ध कर्म के लिए आजसू पार्टी ने मृतक के परिजनों को खाद्य सामग्री का सहयोग किया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू निवासी घुजा करमाली का पिछले सप्ताह निधन हो गया था इसकी सूचना रामगढ़ के पार्षद को दूरभाष से दी गई मृतक के परिजन आदिवासी परिवार के हैं और आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी परिजनों की माली आजसू पार्टी द्वारा मृतक परिजनों को खाद्य सामग्री दिया गया गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर हर संभव शोकाकुल परिजनों को सहयोग किया। इस मौके पर रामगढ़ जिला आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा एवं दोहाकातू पंचायत के मुखिया कलावती देवी रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो सहित कई आजसू कार्यकर्ताओं परिजनों से मिले और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दुखद बेला में दुख सहने की ढाढ़स बंधाया । मौके पर उपस्थित दोहाकातू पंचायत के उप मुखिया जयप्रकाश महतो बालकिशुन महतो, चंद्र ठाकुर ,धर्मू महतो ,सोहराई करमाली,संजय महतो,फागु बेदिया,सुचिता देवी एवं परिवार ग्रामीण उपस्थित हुए।

### नमो बॉक्सिंग और नमो कबड्डी प्रतियोगिता-2023 का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा राष्ट्रिय खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय नमो बॉक्सिंग प्रतिगिता-2023 और नमो कबड्डी प्रतियोगिता- 2023 का भव्य आयोजन संत कोलंबस कॉलेज के पास अवस्थित न्यू स्टेडियम, हजारीबाग परिसर में मंगलवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन खुद विधायक मनीष जायसवाल ने बॉक्सिंग करके और बॉक्सिंग एवं टॉस करके एवं खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की नमो ब्रांड के जरिए विभिन्न खेल के विधाओं में प्रतिस्पर्धा का आयोजन कर क्षेत्र के प्रति खिलाड़ी को एक मंच प्रदान कर उन्हें भविष्य में बेहतर खेलने को प्रोत्साहित करना है। इसी उद्देश्य से साल 2016 से क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट वर्तमान समय में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट बनकर उभरा है। इस टूर्नामेंट में करीब 500 टीमों के 10,000 से अधिक खिलाड़ियों का विशाल समागम होता है। नमो फुटबॉल के अपार सफलता के बाद और गांव- गांव में फुटबॉल के प्रति युवाओं में रुझान आने के बाद हाल ही में नमो कैरम प्रतियोगिता-2023 का सफल आयोजन कराया गया और अब नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता- 2023 और नमो कबड्डी प्रतियोगिता-2023 का आयोजन बॉक्सिंग और कबड्डी के खिलाड़ियों के प्रतिभा का नमो बॉक्सिंग टूर्नामेंट-2023 में कुल 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने खिलाड़ियों का जताया हौसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कर्जन ग्राउंड में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, खोखो, ताइक्कांडो आदि की हौसला बढ़ाने पहुंची उपायुक्त। मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा खेल से न केवल खिलाड़ियों का शारीरिक विकास होता है बल्कि खेल से व्यक्ति का संपूर्ण कौशल का विकास होता है उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना जैसे गुणों में परिपक्वता आती है। इस अवसर पर स्व. मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ज़िला, राज्य एवं देश के लिए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का बढ़ा है मान-सम्मान : यदुनाथ पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. डॉ. यदुनाथ पांडेय ने चंद्रयान-3 की सफलता पर देश के प्रधानमंत्री एवं इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का पहला ऐसा देश बना, जिसने दक्षिण ध्रुव चंद्रमा पर सफलतापूर्वक चंद्रयान को उतारा। पूर्व सांसद मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना करने रजरप्पा मंदिर आए हुए थे। इस दौरान सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है और यह सरकार गरीबों, पिछड़ों सहित सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। 2024 में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व सांसद ने बताया कि पिछले महीने मैंने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर हजारीबाग से इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग की थी। इसपर उन्होंने तुरंत स्वीकृति प्रदान की और हमारे इस गिलहरी के समान छोटे से प्रयास पर 12 अगस्त से इंटरसिटी ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है।

## न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला रामगढ़ के बच्चों ने रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया। रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें शिशु,बाल एवं किशोर वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर सम्मिलित हुए। बच्चों के बीच राखी निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखी का निर्माण कर अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा का परिचय दिया । मौके पर विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद शाहबान खान ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों के अंदर कौशल क्षमता का विकास होता है एवं अपनी सभ्यता संस्कृति से जुड़े हुए त्योहारों के बारे में भी जानने का मौका मिलता है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मंगलवार को रामगढ़ जिले में जिला स्तरीय (बालक/बालिका) खेल प्रतिस्पर्धा (यथा- एथलेटिक फुटबॉल,कबड्डी, हॉकी एवं मटका फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बालक फुटबॉल डे बोर्डिंग सेंटर रामगढ़ बनाम गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमे रामगढ़ डे बोर्डिंग सेंटर 1-0 से विजयी रहा एवं बालिका हॉकी में पवन क्रूस उच्च विद्यालय, भुरकुंडा सीनियर टीम 2-0 से विजयी रही। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में के.बी.+2 उच्च विद्यालय विजयी रही। एथलेटिक्स में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग 6 किलोमीटर दौड़ में प्रथम सनराज कुमार, द्वितीय पवन कुमार, तृतीय भरत भूषण और बालिका वर्ग 4 किलोमीटर दौड़ में प्रथम निशा कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय भारती कुमारी को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। डे बोर्डिंग फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र रामगढ़ के प्रशिक्षु मो0 आतिफ एवं प्रेम कुमार जो राष्ट्रीय स्तर पर सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता- 2023 में उपविजेता टीम खिलाड़ी थे। उन्हें भी कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।इस दौरान मोहम्मद कमरुद्दीन, डे बोर्डिंग फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र रामगढ़, भोला नाथ महली, सोनू करमाली, प्रकाश महतो, सूरज मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अखंड हरि कीर्तन के समापन समारोह में समिल्लित हुए पूर्व विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड बरकट्ठा पंचायत गयपहाडी के ग्राम झिंगीबराय में चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मलित होकर ग्रामीणों के साथ हरे रामा. हरे कृष्णा का भजन गाए. तत्पश्चात पूर्व विधायक श्री यादव महाप्रसाद ग्रहण कर झींगिबराय के ग्रामीणों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए शुभकामनाएँ दिए. मौके पर मुखिया कल्हाबाद कलावती देवी,यमुना प्रसाद, मनोहर चौधरी,महेंद्र प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद,अर्जुन प्रसाद, उपेंद्र शर्मा,महेंद्र शर्मा,किशुन राम,किशुन पंडित, भोला प्रसाद,राजेश साव, छोटीलाल रविदास, कौलेश्वर सिंह, भोपुल सिंह, सहदेव प्रसाद,राजू सिंह, दिनेश सिंह ,रणधीर पंडित छोटीलाल पंडित, परमेश्वर सिंह, तूफानी सिंह,धनंजय राविदास, लखन रविदास, राजकुमार रविदास, किशुन सिंह,जुगेंद्र रविदास,आनंद रविदास,बालगोविंद रविदास सहित भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## पीवीयूएन पतरातू ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएन पतरातू ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर फिट इंडिया प्रतिज्ञा का संचालन एस.के. पांडा,जीएम प्रोजेक्ट और देवदीप बोस,जीएम सी एंड टी × सुरक्षा द्वारा प्रशासन भवन के सम्मेलन कक्ष मे किया गया। प्रतिज्ञा में सभी विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह प्रतिज्ञा खेल के क्षेत्र में निष्पक्ष खेल,अखंडता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के रूप में कार्य करती है।

पीवीयूएन खेल कौशल,फिटनेस और समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह एक गतिशील और संतुलित कार्य वातावरण के पोषण के लिए संगठन की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

## चरही घाटी यूपी मोड में भीषण दुर्घटना में इथेनॉल से लदा टैंकर पलटा, एक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को चरही थाना क्षेत्र के चरही घाटी का यूपी मोड़ एक बार फिर बड़ी दुर्घटना का गवाह बना है। चरही घाटी यूपी मोड़ एक बार फिर एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है ।हजारीबाग की ओर से आ रहा इथेनॉल लदा टैंकर एच आर 58सी3675 यूपी मोड़ में अनियंत्रित होकर पलट गया और रोड की दूसरी ओर डिवाइडर को तोड़ते हुए जा पलटा जहां पर तुरंत भीषण विस्फोट के साथ गाड़ी में आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार चालक गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठा था जिसके बाद यह दुर्घटना हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ने किसी तरह गाड़ी से निकलकर अपनी जान बचा ली लेकिन गाड़ी का खलासी उसी में फंसा रह गया जिससे उसने अपनी जान गवा दी। चुकी गाड़ी में दुर्घटना के बाद भीषण विस्फोट हुआ था जिसके कारण घाटी में आसपास के जंगलों में आग लग गई।यह सड़क दुर्घटना दोपहर लगभग 3बजे की बताई जा रही है।वही इस बात की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण सहित हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ अनुज उरांव तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम किया जिसके दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।दुर्घटना के बाद दुर्घटना स्थल पर अफरा तफरी माहौल बन गया था। सड़क दुर्घटना होना आम बात है लेकिन एक ही स्थल पर हमेशा भीषण सड़क दुर्घटना होना और उसे पर प्रशासन का संज्ञान ना लेना यह एक चिंता का विषय है। जिस प्रकार की आज दुर्घटना हुई है यह दुर्घटना बड़े पैमाने पर कई लोगों को अपने चपेट में ले सकती थी। आपको बता दें की थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना इसी स्थल पर होती है जहां पर पुलिस को भी दुर्घटना के बाद खासा मशक्कत करना पड़ता है। बीते एक से डेढ़ माह के बीच ही यहां लगभग 7 से 8 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। घाटी के तीखे मोड़ को सीधा करने की आवश्यकता है जिससे दुर्घटना में कमी आ सके। गाड़ी में मृत गाड़ी के खलासी के शव को प्रशासन द्वारा निकाला कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

**क्या है दुर्घटना का कारण :** स्थानीय ग्रामीणों की माने तो दुर्घटना का कारण घाटी की तेज ढलान तथा इसका तीखा मोड़ है। जिससे आए दिन ऐसी सड़क दुर्घटना होते रहती है। वर्तमान स्थिति तो ऐसी बन चुकी है की हर दूसरे तीसरे दिन कोई ना कोई सड़क दुर्घटना होते ही रहती है। ऐसे में इस पर एन एच ए आई तथा जिला प्रशासन को ध्यान आकृष्ट करते हुए इस पर कोई विचार करना चाहिए और इस मोड़ को सीधा करने का प्रयास करना चाहिए।

## उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ किया उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार की रात्रि को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ श्री पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ श्री किशोर कुमार रजक एवं अंचल अधिकारी रामगढ़ श्री सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ छत्तरमांडू स्थित उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रभारी जेलर से प्रविष्ट बंदियों की पंजी, दंड पुस्तिका, मुलाकात पुस्तिका, सहित अन्य अभिलेखों की जाँच की एवं सभी पुस्तिकाओं को नियमित रूप से अनुरक्षित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बंदियों के खान पान व आवास व्यवस्था का भी जायजा लिया व निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही उन्हें भोजन देने का निर्देश दिया। मूलभूत सुविधाओं के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पेयजल आपूर्ति, कारागार के शौचालय व स्नानागार, विद्युत व अन्य उपकरणों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने शौचालयों व स्नानागार के साथ जेल की नालियों की साफ-सफाई करने व रोग वाहक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य संबंधित पंजी का जायजा लेते हुए मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों का चिकित्सीय जांच करते रहने का निर्देश दिया।

## जिले में नहीं होने दिया जाएगा अवैध कारोबार : नितेश गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने को लेकर डीएमओ नितेश गुप्ता के नेतृत्व में निकली टीम ने मंगलवार की सुबह 9:30 बजे के लगभग अवैध पत्थर चिप्स ले जाते एक हाइवा को पकड़ा एवं जांच के बाद हाइवा समेत हाइवा में लदे 550 सीएफटी अवैध चिप्स पत्थर को जब्त करते हुए नामजद हाइवा चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं अविलंब अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। **क्या है मामला :** अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के पूरी तरह से रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी नितेश गुप्ता एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है, मंगलवार को डीएमओ नितेश गुप्ता,खान निरीक्षक राहुल कुमार , जीतेंद्र कुमार एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की जा रही थी,इस दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र के नया मोड़ चिपरपुर गोला मुख्य पथ पर हाइवा संख्या-: जेएच24जे-0487 के द्वारा पत्थर चिप्स ले जाते पकड़ा गया ,हाइवा चालक संजय मरांडी से जब चिप्स के कागजात की मांग की गयी तो चालक कागजात नहीं दिखाया जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए डीएमओ के द्वारा हाइवा समेत हाइवा में लदे 550 सीएफटी चिप्स को जब्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर हाइवा चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी एवं अविलंब संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर है पैनी नजर जिला खनन पदाधिकारी श्री नितेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिहवन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर पैनी नजर है एवं इसके रोकथाम को लेकर लगातार विभाग के द्वारा छापेमारी की जा रही है एवं अवैध कारोबारियों को पकड़ा जा

## केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने प्लांडु उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़कागांव का दौरा किया। तलसवार पंचायत स्थित प्लांडू गांव में संचालित प्लांडु उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व बड़कागांव प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में कलाकारों के द्वारा परंपरागत ढंग से ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया तथा केंद्रीय टीम को मंच तक लाया जहां डॉ अविनाश कुमार के हाथों बारी बारी से बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात केंद्रीय टीम के प्रमुख टीम लीडर डॉक्टर अमित चटर्जी, रॉबिन चरण ने उप स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी, लैब रूम, प्रसव वार्ड के अलावा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर चटर्जी ने रूम में एक विशेष धर्म का तस्वीर लगा हुआ पाया जिस पर उन्होंने सीएचओ मुकेश गोस्वामी को सख्त निर्देश दिया कि धर्म की तस्वीर लगानी है तो सभी धर्म का एक साथ तस्वीर लगाए अच्छा रहेगा इस पर विशेष ध्यान दे। वहीं डॉक्टर चटर्जी ने सीएचओ मुकेश गोस्वामी, एएनएम प्रमिला सिंहा अस्पताल से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां इकट्ठा की, और जानने का प्रयास किया कि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल रहा है कि नहीं। इस दौरान केंद्रीय टीम ने सहीया लोगों को स्वास्थ्य उपचार संबंधित कहीं महत्वपूर्ण जानकारियां दी और प्रशिक्षित किया। उपस्थित डॉक्टरों के द्वारा बीमारियों एवं उसके इलाज के बारे में बताया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र




## टोयोटा किर्लोस्कर ने पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी नवीनतम पेशकश-द ऑल न्यू (पूरी तरह नई) टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने (अगस्त 23) के शुरू में लॉन्च किया गया था। इससे लोगों में काफी उत्साह पैदा हुआ। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारण, नई कॉम्पैक्ट बी-एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आराम, उत्कृष्ट ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करेगी। टीकेएम की नवीनतम पेशकश 10,29,000 रुपये से 13,68,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी और डिलीवरी 8 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5-लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के-सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तथा और ई-सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20.51 किमी/लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध, नई पेशकश वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम सहित उन्नत तकनीक का दावा करती है। टोयोटा आई -कनेक्ट से सुसज्जित , यह कार के अंदर के क्लाइमेट (जलवायु) के लिए रिमोट कंट्रोल, लॉक/अनलॉक, हजार्ड लाइट और कई अन्य कनेक्टेड सुविधाएं प्रदान करता है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन अपने स्वामियों के लिए सुरक्षा को भी प्राथमिकता देता है। इसके लिए इसमें उन्नत सुरक्षा खासियतें हैं जैसे डुअल फ्रंट और फ्रंट सीट साइड एयरबैग्स, एबीएस विद ईबीडी, इंजन इम्मोबिलाइजर, इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी) और अन्य। यह घोषणा करते हुए, टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने कहा, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन को ग्राहकों की पूछताछ के संदर्भ में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद विनम्र और सम्मानित महसूस करते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का अनावरण किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज/चरण ढ्ढ्ढ) विद्युतीकृत फ्लेक्स फुएल व्हेकिल (ईंधन वाहन) के प्रोटोटाइप का अनावरण करके निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। भारत के राष्टीय उद्देश्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, टीकेएम सक्रिय रूप से उन प्रौद्योगिकियों का अनुसरण कर रहा है जो देश के अद्वितीय ऊर्जा परिदृश्य के साथ तालमेल में हैं और बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन की खपत को तेजी से विस्थापित करने के साथ-साथ वेल-टू-व्हील (डब्ल्यू2डब्ल्यू) आधार पर व्यापक रूप से कम कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने में मदद कर सकती हैं। यह मील का पत्थर देश की प्रमुख प्राथमिकताओं के अनुरूप उन्नत और हरित गतिशीलता समाधान पेश करने के लिए टीकेएम के समर्पण और चल रहे प्रयासों की पुष्टि और प्रदर्शन करता है।भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और कच्चे तेल के आयात के साथ-साथ भारत की जीवाश्म ईंधन की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। गतिशीलता आवश्यकताओं में भारी वृद्धि के कारण, परिवहन क्षेत्र, जो वर्तमान में तेल की मांग का लगभग 50त्न हिस्सा है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान करने वाला होगा। अनुमान के अनुसार, भारत में परिवहन क्षेत्र की ऊर्जा खपत 2030 में दोगुनी होकर 200 मिलियन टन ऑयल इक्वीवैलेंट (मिलियन टन तेल समतुल्य ) होने की उम्मीद है।

## वनविभाग ने हाथी प्रभावित परिवार को 350000 रुपए का चेक प्रदान किया

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन क्षेत्र के बांड़वा में विगत 22 जनवरी 2023 मंगल मुंडा को जंगली हाथी द्वारा पटक कर मार दिया था। जिसके बाद परिजनों को वनविभाग के द्वारा तत्काल सहायता के रूप में सरकारी प्रावधान के अनुरूप 50000 रुपया दिया गया था इसके बाद बाकी की राशि 350000 रूपया आज 29 अगस्त 2023 को सहायक वन संरक्षक प्रभारी तमाड़ वन क्षेत्र अमरनाथ भगत के निर्देशानुसार तमाड़ पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी और आजसू पार्टी के तमाड़ पश्चिमी के प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता वनरक्षी विजय लेमसा के द्वारा स्वर्गीय मंगल मुंडा के पुत्र सुखराम मुंडा को चेक रूप प्रदान दिया गया।

## डीएवी खलारी में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** डी ए वी स्कूल खलारी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड, खेल प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स क्लब के सचिव एवं सदस्य के साथ संयुक्त रूप से मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया . इस अवसर पर आज विद्यालय में विभिन्न सदनों के बीच वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. जिसमें येलो हाउस विजेता और ब्लू हाउस उपविजेता रहा . छोटे बच्चों में ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई . सभी बच्चों ने इन खेलों में उल्लास के साथ भाग लिया . विद्यालय के बच्चों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन पर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की .प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में कहा कि खेल मनुष्य को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं.नियमित रूप से कोई खेल खेलने से मनुष्य का मन प्रसन्न रहता है तथा शरीर स्वस्थ एवं फुर्तीला बनता है. मन में उल्लास और उत्साह रहने से मनुष्य को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है. उन्होंने कहा कि आज खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि रोजगार का भी अच्छा अवसर है .खेलों से रोजगार के नये नये अवसर पैदा होते जा रहे हैं . अतः हमें खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए . विद्यार्थियों में कक्षा 11वीं की निर्जला कुमारी और कक्षा आठवीं की अंकिता कुमारी ने भी मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

## उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में खूंटी, तोरपा क्षेत्र का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त, खूंटी लाकेश मिश्रा ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में आज खूंटी व तोरपा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय, तोरपा, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, तपकारा, पेरवा जल प्रपात सहित अन्य जगहों का दौरा किया। साथ ही मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने खूंटी प्रखंड अंतर्गत पिपराटोली, कमांता ग्राम का भ्रमण किया। साथ ही खूंटी-तमाड़ पथ पर पूर्व से निर्मित बस पड़ाव का जायजा लिया। तोरपा प्रखंड कार्यालय परिसर का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त परिसर के पुराने पड़े भवनों को ध्वस्त करने को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर में साफ - सफाई रखें एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर कार्यों का सुचारू रूप से संचालन करें।उन्होंने पेरवा जलप्रपात का भ्रमण कर पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्रों के विकास से क्षेत्र के साथ - साथ रोजगार सृजन की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर व्यवस्था करने एवं पर्यटन स्थल के विकास को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। स्कूल परिसर में कई खेल आयोजित किए गए। यह उत्सव पारंपरिक खेलों से आगे बढ़कर विभिन्न इन्क्लुसिव गतिविधियों को शामिल करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर दीपशिखा- बाल विकास और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के छात्रों तथा सरला बिरला स्कूल के छात्रों को मिलाकर टीम बनाई गई और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, आरा एवं सरला बिरला स्कूल के छात्रों के बीच एक अंतर विद्यालय फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। साथ ही स्पोर्ट्स क्लब और स्केटिंग अकादमी द्वारा एक विशेष सभा आयोजित की गई।

## मुखिया ने आम बागवानी के पौधे और बत्तख चूजा का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में मंगलवार को भूमि संरक्षण विभाग से उपलब्ध आम पौधा को मुखिया वीरेन्द्र भगत ने लाभुक किसानो के बीच वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि आम बागवानी किसानों के आमदनी का श्रोत बनेगा साथ ही आर्थिक स्थिति मजबूत होगा। किसान आम बागवानी में इंटर क्रोप फसल ऊपजा कर दुगुना लाभ कमा सकते है। चरमा अनु जलछाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो ने कहा कि इस वाटर शेड एरिया मे इस वर्ष 2023 में 16 एकड़ जमीन में आम बागवानी लगाया जायगा उन्होने लाभुको को आम पौधा लगाने के तरीका विस्तार से बताये। वहीं नेहालु पंचायत के वाटरसेड एरिया के गांव केनाभिटठा, खिरदा, चरिमा, रोगो, गड़री में महिला समूह के 100 लाभुकों के बीच 15-15 बतख चुजा कुल 1500 चुजा का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य बिदेश मुण्डा, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा सहित कई ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट मैच का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत झींझरी पंचायत के ग्राम सकरपदा स्थित सरकारी स्कूल मैदान मे आदिवासी सरना नव युवक समिति द्वारा 5 दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट मैच का आयोजन किया गया था, जिसमे 32 टीमों ने भाग लिया। 32 टीमों मे से ट्राइबल एफ0 ए0 झींझरी एवं वाईएफसी गाड़ीगांव टीम फाइनल मे पहुंची।आज दिनांक 29/08/2023, मंगलवार को फ़ाइनल मैच दोनो टीमों के बीच खेला गया। इस फुटबॉल मैच के समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। जिन्हे पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। फ़ाइनल मैच का शुभारम् से पूर्व, विधायक ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से एक एक मुलाक़ात कर उन्हे शुभकामनाए दिया और हौसला बढ़ाया। दोनो टीमों के बीच मैच रोमांचक हुआ और दोनो टीमों ने गोल करने का प्रयास किया।

## बेड़ो के कट्टरमाली गांव में चल रहे विकास योजनाओं का सचिव ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** ग्रामीण विकास विभाग सचिव चंद्रशेखर और जेसलपीएस सीईओ संदीप सिंह ने मंगलवार को जरिया पंचायत के कट्टरमाली गांव का दौरा किया। कट्टरमाली गांव में मसाला यूनिट का निर्माण किया जाना है जिसमें सखी मंडल की दीदीयो के द्वारा निर्माण की कार्य किया जाएगा और उसे पूरे झारखंड के सरकारी स्कूलो में इसका सप्लाई किया जाना है। इसके चयन के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। जोहर परियोजना के तहत् चल रहे सोलर इरिगेशन, माइक्रो ड्रिप एरीगेसन का निरीक्षण किया। साथ ही लेमनग्रास यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री फूलों झानो आशीर्वाद योजना का भी क्षेत्र भ्रमण किया गया जिसमें सुशीला देवी के होटल का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि इस योजना का लाभ मिला है योजना का लाभ लेकर वह अपना एक निजी व्यवसाय कर रही है और दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है दारू हरि छोड़कर वह यह कार्य कर रही है जिससे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और उच्च शिक्षा भी दे रही है दीदी इस नये काम से काफी खुश है और लोगों को दारू हाडी छुड़वाने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। इसके लिए जेएसएलपीएस के सीईओ और सचिव काफी खुश हुए। झारखंड में जहां भी दारू बनाई जा रही है उसको छुड़वाने के लिए एक कमेटी का निर्माण किया जाना है जो गांव गांव में भ्रमण कर लोगों को इसकी जानकारी देगी ।मोटिवेशन कर सभी को इस बुरे कार्य को छोड़कर इज्जत भारी काम को करना शुरू करेंगे।

## सजने लगी राखियों की दुकानें, रक्षाबंधन कल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाई बहनों के अटूट संबंधों का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के लिए बाजार में राखियों की दुकानें सज चुकी हैं। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन 31 अगस्त को है। रंग-बिरंगी राखियों से बाजार गुलजार होने लगा है। वहीं राखियों की खरीदारी तेज हो गई है। दुकानदारों ने बताया कि दुकान में पांच रुपये से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। मांग के अनुसार विशेष राखियां भी उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों के लिए छोटा भीम, लाइट जलने वाली घड़ीनुमा राखियां समेत कई तरह की राखियां उपलब्ध हैं, वहीं बड़ों के लिए रेशमी डोरी वाली, डायमंड फैशनेबल राखियां ज्यादा पसंद की जा रही है। बाजार में राखी के साथ अक्षत और लाल टीका भी पैकेट में मिल रहा है। डाक से भेजने के लिए अभी राखियां ज्यादा खरीदी जा रही है।

## अब्दुल्ला अंसारी ने दो परिवार को किया आर्थिक मदद

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने द्वारा प्रखंड के दो परिवार को आथिर्क मदद किया गया. खलारी के डुन्दू निवासी दिलेश्वर महतो की पत्नी तथा राय बस्ती निवासी विश्वनाथ महतो का कुछ दिन पूर्व बीमारी से मृतु हो गया था. जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुला अंसारी ने दोनों के घर जाकर परिवारवालों से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बढ़ाया साथही दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता किया .इस मौके पर सोनू पांडेय, पंचू उरांव उपस्थित थे।

## विधायक के द्वारा ब्लॉक सभागार में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारियों के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक किया गया, जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग, छ्वस्क्र, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा , सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं पिछले बैठक मे दिये गये टार्गेट के बारे मे चर्चा किया गया । कौन-कौन योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है एवं कौन सी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है। साथ ही दिये गये टारगेट मे कितना पर कारवाई हुआ और कितने मे कारवाई नही हुआ है। बैठक मे सभी विभाग के पदाधिकारियों ने बारी- बारी से सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किया साथ ही साथ जो भी त्रुटि पाई गई उसे पर जल्द सुधार कर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया. विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारियों से सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने कार्य का निर्वहन करने का भी निर्देश दिया।


### कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 2923 दिनांक– 18.08.2023 से प्रेषित तथा पी0 आर0–305030 (Energy)23-24D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–35/2023-24 मे परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि– दिनांक 31/08/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर रक्षाबंधन के अवकाश मे परिवर्तन के कारण परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि– दिनांक 01/09/2023 (12.00 बजे अपराह्न तक) किया जाता है।

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेगा।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 305798 Energy(23-24)#D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2023–24 जिसका PR No. 304378 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा का हार्ड कॉपी दिनांक 31.08.2023 को जमा करना था। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना सं0 4881 दिनांक 28.08.2023 के द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर दिनांक 31.08.2023 को अवकाश घोषित किया गया है।

अतः दिनांक 31.08.2023 के स्थान पर दिनांक 01.09.2023 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 3:30 बजे अपराह्न तक हार्ड कॉपी जमा एवं दिनांक 02.09.2023 को 11:30 अजे पूर्वाह्न में Online निविदा खोलने हेतु संशोधित समझा जाए।

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी। ह०/–

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रामगढ़

PR 305803 Rural Work Department (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

**(संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी शुद्धि पत्र की सूचना)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति SBM –cum- SLWM Coordinator, MIS Coordinator & IEC Coordinator का प्रकाशन किया गया है जिसका PR No. 305623 Drinking Water and Sanitation (23-24)D है जिसमें टंकण भूलवश के कारण निम्न संशोधन किया जाता है : –

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि। | 02.09.2023 समय 5 बजे अपराह्न तक | 11.09.2023 समय 5 बजे अपराह्न तक |
| 2 | प्रारंभिक मेधा सूची NIC पर प्रकाशन की तिथि। | 12.09.2023 | 21.09.2023 |
| 3 | प्रारंभिक मेधा सूची से संबंधित Objection प्राप्ति की अंतिम तिथि। | 19.09.2023 | 29.09.2023 |
| 4 | लिखित परीक्षा की तिथि। | 25.09.2023 / पूर्वाह्न 10:00 बजे से। | 06.10.2023 / पूर्वाह्न 10:00 बजे से। |
| 5 | दक्षता मुल्यांकण की तिथिं | 30.09.2023 | 12.10.2023 |

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

PR305786 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

E-mail: rdsdhazaribagh@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री महेंद्र प्रसाद सिंह, सेवा निवृत कनीय अभियंता, स्थायी पता–ग्राम –सिंघौल, पो0–बेलागंज, जिला–गया, बिहार, वर्तमान पता–इंजिनियर कॉलोनी, अम्बेडकर नगर, बरमसिया, देवघर, झारखण्ड को श्री अश्विनी कुमार लाल दास, सरकार के अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक –6 (आरोप)–267/2016 ग्रा0का0वि0–2736 दिनांक 23.08.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा आपके विरुद्ध गठित आरोपों को एकतरफा प्रमाणित मानते हुए आपसे क्रमशः रु0 7,72,457.00/– एवं रु0 24,35,180/– को वसूली योग्य माना गया है। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रासंगिक पत्रों द्वारा आपसे द्वितीय कारण पृच्छा की गई, जिसका जवाब अबतक अप्राप्त है। तीन दिनों तक द्वितीय कारण पृच्छा का उत्तर कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें अन्यथा उत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार दण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 305770 Rural Development (23-24)_D

### झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, रॉंची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

**PR No.- 303206 Dated : 25.07.2023**

अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा संख्याः- **55/2023-24** दिनांक :- 28.08.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, रॉंची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनःर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | JH-M-KHU-02 / 2023-24 | 1 दिवड़ी से दलभंगा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 15.90 कि०मी०)<br>2 पुन्डीदिरी से बघई पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 3.800 कि०मी०) | 1280.954 | बारह करोड़ अस्सी लाख पंचानबे हजार चार सौ रू० मात्र | 09 महीना |

2. वेबसाईट मे पुनःर्निविदा प्रकाशन की तिथिः–**31.08.2023**
3. अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–**12.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, रॉंची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, रॉंची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **खूँटी** में से किसी भी कार्यालय में पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः–**13.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, रॉंची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, रॉंची– 834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**13.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. पुनःर्निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**14.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. पुनःर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, रॉंची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, रॉंची– 834004, झारखण्ड।
8. ई–पुनःर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................
9. पुनःर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **खूँटी** के पक्ष में एवं **खूँटी** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,
रॉंची।

PR 305783 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्वी टुंडी प्रखंड में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में संगठन सशक्तिकरण को लेकर पूर्वी टुंडी शंकरडीह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक सहित कांग्रेस के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से शामिल थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी गंभीर है और कांग्रेस पार्टी जिला के सभी विधानसभा के सभी प्रखंडों एवं नगरों के पंचायतो/वार्डो पर बुथ स्तरीय सम्मेलन व जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी मे आज पूर्वी टुंडी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन में लोगों को जोड़ने के साथ-साथ सभी से पार्टी के विचारधाराओं से जुड़कर संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने का आह्वान किया। आगे श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पूर्वी टुंडी को प्रखंड बनाए जाने के बाद उक्त प्रखंड में संगठन का विस्तार नहीं हो पाया था। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष बनाने की रायसुमारी हुई और जल्द ही प्रखंड अध्यक्ष के साथ साथ प्रखंड कमेटी का विस्तार कर लिया जाएगा। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है। मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। मोदी सरकार द्वारा देश में ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का भय दिखा कर समाज में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। दलितों एवं पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मोदी



सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को कमजोर कर गरीब आदिवासी एवं जरूरतमंदों के सपनों को कुचला जा रहा है। सीएजी ने मोदी सरकार द्वारा किए गए घोटाले का पर्दाफाश कर उनके चाल, चेहरा और चरित्र को उजागर करने का काम किया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मोदक, वकील बाऊरी, अशद कलीम, निशा सिंह, डाक्टर संतोष कुमार राय, अनिल साव, मोइन अंसारी, रमन मिश्रा, शरीफ अंसारी योगेश रजक,अरविंद कुमार सैनी, गयास अंसारी, मधुसूदन चौधरी, अब्दुल अंसारी, मुबारक अंसारी, अकबर अंसारी, वालिया खान, अर्जुन रजक, सुदाम बास्की, रौशन लाल मुर्मू, अनिल किस्कू साहनी मंडल प्रताप रवानी आदी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में हॉकी के जादूगर मेज़र ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव ने मेजर ध्यान चंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रार्थना सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों ने भी पुष्प अर्पित कर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य ने खेल कूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके बिना जीवन का विकास असंभव है। पढ़ाई के साथ खेल-कूद भी जरूरी है। इससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ यश और धन की भी प्राप्ति होती है। अतः बच्चों को खेलकूद में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए। खेल शिक्षक हरिश्चंद्र मिश्र एवं सिद्धार्थ अनुज ने इस अवसर पर अनेक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया। गेट रेडी गो प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवी के अंकित कुमार महतो और कक्षा तृतीय के विमान कुमार राय ने प्रथम, कक्षा पाँचवी के दीपक कुमार यादव और कक्षा तृतीय के प्रतीक कुमार द्वितीय, कक्षा पाँचवी के कुनाल महतो और कक्षा तृतीय के शमशेर अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेनिस थ्रो बॉल प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ के निशांत सिंह प्रथम, कक्षा चतुर्थ के मो अमन द्वितीय और कक्षा चतुर्थ के अहसान अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में बारहवीं के छात्र विजय कुमार यादव प्रथम, कक्षा नौवीं के आदित्य कुमार तिवारी द्वितीय, कक्षा दसवीं के आदित्य कुमार राम तृतीय स्थान और संदीप कुमार चौधरी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## सिनीडीह में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

### लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है : सुनील कुमार सिंह



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वंदना सभा में हॉकी के महान खिलाड़ी*मेजर ध्यानचंद के चित्र पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के शारीरिक आचार्य मदन मोहन राय एवं आचार्य राजीव कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है और आज भारत के ही नहीं बल्कि विश्व के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस भी है। इस उपलक्ष में आज संपूर्ण भारतवर्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि÷आपको लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा।÷उन्होंने कहा कि अपने देश के महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद, जिन्होंने भारत को संपूर्ण विश्व में हॉकी का सिरमौर बना दिया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डीएवी बनियाहीर में वृक्षारोपण कार्य संपन्न




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए डीएवी बनियाहीर विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य एस मोदक की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठ के सभी छात्रों ने उत्साहित हो कर भाग लिया। खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रमन राय, असीम प्रियदर्शी तथा अरुंधती मिश्रा के दिशा निर्देश में कबड्डी, चेस, बॉलीबॉल तथा फुटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुब्रतो मोदक ने बच्चों और शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का वास होता है। इसलिए हमारा प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है और एक नयी ऊर्जा के साथ खेलों में नया कीर्तिमान स्थापित करना है।

## टुंडी बीडीओ ने सभी बीएलओ के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज मंगलवार को टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी बूथों की भौतिक सत्यापन, मतदाता सूची का संशोधन, को लेकर सभी बी एल ओ को अपने सभी अधूरे कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बी डी ओ संजीव कुमार के अलावा सभी प्रखंड कर्मी एवं सभी बीएलओ मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## नियाह फॉउंडेशन के द्वारा नात व किरात प्रतियोगिता का आयोजन

# अमल का दारोमदार नियत पर : डॉ शबा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** नियाह फॉउंडेशन के बैनर तले मंगलवार को शमशेर नगर स्थित सिक्का गार्डन में नात और किरात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे शहर के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुरान पाक की तिलावत से हुई। पेशे से कॉरपोरेट ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर सह नियाह फाउंडेशन की प्रमुख डॉ शबा आलम खान ने कहा कि अमल का दारोमदार नियत पर है और इसी हदीस को दिल में समाते हुए एक नेक ख्याल के साथ नियाह फाउंडेशन को बनाया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों के काम आना और खास कर ईमान की रोशनी में बच्चों को अच्छी शख्शियत वाला बनाना है। साथ ही बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ साथ इस्लामिक शिक्षा के प्रति भी जागरूक करना है। प्रतियोगिता में किरात के सीनियर वर्ग में सना खातून प्रथम, मो. कामरानुल्लाह द्वितीय और अयान खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में मो. अंजारुल हक प्रथम तथा मास्टर आतिफ दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावे नात के सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान यूसरा परवीन, द्वितीय फरहानुल्लाह तथा तृतीय अयान खान को मिला। वहीं नात के जूनियर ग्रुप में कायनात को पहला तथा दूसरा पुरस्कार फलक को मिला। निर्णायक की भूमिका संस्था की संस्थापक डॉ शबा आलम खान एवं मो मिराज ने निभाया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए अपना हॉस्पिटल के डायरेक्टर मो सलाउद्दीन और हाजी डॉ महफूज़ आलम ने विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजकों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ साथ उनमे आत्म विश्वास भी बढ़ता है जिससे बच्चे काफी लाभान्वित होते हैं।

### मुख्य अतिथि मो. सलाउद्दीन ने विजेताओं को किया सम्मानित

## मवेशी तस्कर गाड़ी पलटा, दो मवेशी की मौत

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत पिपरीटांड़ के पास



मंगलवार सुबह मवेशी तस्कर कर रहे माइशी लदे वाहन पलटी कर गया जिससे मौके पर ही दो मवेशी की मौत हो गई। तस्कर पिकअप वेन से मवेशी लेकर बिहार से बेंगाबाद के रास्ते बंगाल ले जा रहा था इसी बिच पिपरीटांड गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार मवेशी घायल हुई है। मौके पर आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। इस बीच मवेशी तस्करी में शामिल धंधेबाज भी रहनुमा बनकर वहां पहुंच गए और पुलिस आने के पहले सुरक्षित मवेशियों के साथ चालक व खलासी को एक गांव ले गए। घटना की जा नकारी मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस पिपरीटांड गांव पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया में जुट गई। बता दें कि बदवारा के रास्ते बड़ी संख्या में पिकअप वैन से मवेशियों को तस्करी के लिए बंगाल ले जाया जाता है।

## मैयरानवाटाड में जलापूर्ति योजना के वाटर फिल्टर प्लांट में पंप की चोरी



**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत मैयरानवाटाड पंचायत में जलापूर्ति योजना के वाटर फिल्टर प्लांट से बीती रात को अज्ञात चोरों ने तीन मोटर पंप को ताला तोड़कर ले भागा। स्थानीय पंचायत की मुखिया खमा मोदक ने बताया कि अज्ञात चोरों ने जलापूर्ति योजना के वाटर फिल्टर प्लांट से 15 एच पी का तीन मोटर पंप चोरों ने चोरी कर ली है । तथा मंगलवार की सुबह के लगभग 9 बजे हमें इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद में वहां पहुंच कर देखी की गेट का ताला टूटा हुआ है। एवं तीन मोटर पंप की चोरी हो गई है । इस संबंध में स्थानीय थाना में मुखिया द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।

## इंटर हाउस थ्रो बॉल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** डीगवाडीह न्यू एंजेल्स होम स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में इंटर हाउस थ्रो बॉल टूर्नामेंट कराया गया जिसमें लड़कियों की चार टीम और लड़कों के चार टीम ने भाग लिया। दोनों टीमों में विनर नेहरू हाउस और रनर अप टैगोर हाउस रहा। मौके पर स्कूल के निदेशक मो परवेज अख्तर ने खेल दिवस की बधाई दी और प्राचार्य मो आफताब आलम ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हिस्सा लेने के लिए बच्चों को संदेश दिया जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो। आफताब आलम ने कहा की हमारे देश के बच्चे खेलों में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर रहे हैं। ऐसे में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस व राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर उन्हें याद किया गया।

## पशु तस्करी के खिलाफ सरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार की देर रात लगभग 2 बजे के



करीब सरिया थाना प्रभरी अनीश पाण्डेय ने पशु लदे 5 बड़े ट्रक और 5 पिक अप गाड़ी को जब्त किया है जिसमे करीब 110 से अधिक गाय और भैस लदे थे, इस बाबत सरिया थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि वरीय अधिकारी की सूचना पर रात को सरिया थाना के समीप बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों को जप्त किया गया हैं जिसमे से लगभग 100 से अधिक पशु लोड कर बिहार से लाया जा रहा था वहीं इस वाहन के ड्राइवर और खलासी को भी हिरासत मे लिया गया है, इस मामले मे अभी जाँच पड़ताल चल रही है और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर क्रीड़ा भारती ने किया मिनी मैराथन का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर क्रीड़ा भारती द्वारा झंडा मैदान से मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। क्रीड़ा भारती गिरिडीह के जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने बताया कि आदरणीय मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिन को भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में घोसित की है इसके निमिता ही क्रीड़ा भारती द्वारा प्रत्येक वर्ष इस दिन से खेल महोत्सव का प्रारंभ करती है जिसकी सुरुवात आज झंडा मैदान से 3 किलोमिटर का मिनी मैराथन के साथ प्रारंभ किया गया जिसमे लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से योद्धा एकेडमी, घातक एकेडमी, सक्सेश एकेडमी, एन सी सी, गिरिडीह कॉलेज, महिला कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिभागी सम्लित थे ।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सुरुवात मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। वहाँ उपस्थित क्रीड़ा भारती के पदाधिकारीगण एवं सभी प्रतिभागीयो ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पण किया।

## मायूमं कोयलांचल शाखा ने 11 बच्चों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** सोमवार को धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा मटकुरिया स्थित श्री श्री 1008 कामनानाथ महादेव मंदिर में पूरे सावन मास में बाबा का अद्भुत सिंगार करने वाले 11 छोटे बच्चो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, श्री शिव जी की स्तुति और संध्या आरती के बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। उसके उपरांत वहां उपस्थित अतिथि झारखंड प्रांत के प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी, भाजपा धनबाद के प्रदेश महामंत्री और मंदिर के अध्यक्ष नितिन भट्ट, मंदिर उपाध्यक्ष राजीव सिन्हा, मंदिर सचिव अजीत पटेल, मंदिर कोषाध्यक्ष विकास जैन, सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत वहां उपस्थित गायत्री साव, ज्योति सिन्हा, गुनगुन पासवान, अनु पासवान, कली पासवान, वैष्णवी सिंह, साक्षी सिन्हा, सोनाक्षी सिन्हा, नैतिक सिंह, प्रेम पांडे, सोनाली सिन्हा को शाखा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर मासूमियत भरी खुशी थी। प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी ने कहा आज जहां बच्चे अपनी संस्कृति को छोड़कर सोशल मीडिया और मोबाइल में व्यस्त है वहीं आज इन सभी बच्चो द्वारा अपने देश की संस्कृति को जिंदा रखने हेतु यह भक्तिमय कार्य वाकई में बहुत ही महत्वपूर्ण और मनभावक है।

# सड़के बदहाल आम जनता परेशान, नेता मूकदर्शक

दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र



**बेंगाबाद/गिरिडीह :** प्रखंड अंतर्गत पारडीह से बदवारा तक दो पंचायत को जोड़ने वाली सड़क की बदहाली से दर्जनों गांव के लोग परेशान है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली एक मात्र सड़क है जिसमे प्रतिदिन सैकड़ो से अधिक लोगो का आना जाना होता है। सड़क की इस हालत को लेकर स्थनीय लोगो ने कई बार विधायक और सांसद को लिखित आवेदन देकर इसके मरम्मति की मांग की है लेकिन नेतावो के कण में जु तक नहीं रेंगा। यह सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है की यह सड़क बिहार के चकाई को जोड़ता है। इस सड़क पर चलना जोखिम भरा है जबकि आये दिन दुर्घटना भी होती रहती है। लोग अपने सुविधा के लिए सड़क छोड़ पकडंडी पर चलते है लेकिन बारिश के दिनों में पकडंडी भी चलने लायक नहीं रहता है। ग्रामीणों का कहना है की नेता सिर्फ वोट लेने आते है उसके बाद अगले चुनाव तक पीछे मुड़कर देखना भी पसंद नहीं करते है। जनता अपने हाल पर जी रहे है और नेता मस्त नेतागिरी में लगे है। आज इस सड़क की इस हालत के शिकार कई लोग हो चुके है बार बार आवेदन दिया गया लेकिन अब तक इसकी मरम्मति क्यों नहीं हुवा।

वही आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा की इस बार चुनाव में सड़क से पहले वोट नहीं का नारा हमलोग का होगा और कोई भी नेता को गांव में आने की मनाही होगी।

# वाराणसी यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हाजीपुर :** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी जंक्शन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य किये के मद्देनजर दिनांक 01.09.23 से 19.09.23 तक प्री-बीएनआई कार्य, 20.09.23 से 05.10.23 तक बीएनआई कार्य तथा 06.10.23 से 15.10.23 तक एनआई कार्य किया जाना है । यार्ड रिमाडलिंग के फलस्वरूप नॉन रनिंग लाइन, रनिंग लाइन में परिवर्तित हो जायेगा। परिणामस्वरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा तथा गाड़ियों के विलम्ब में कमी आयेगी।

उपरोक्त के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव निम्नानुसार किया जाएगा -

ऽ रद्द ट्रेनें -

1.गाड़ी सं. 22323 कोलकाता-गाजीपुर सिटी शब्दभेदी एक्सप्रेस - 31 अगस्त, 07, 14, 21, 28 सितम्बर एवं 05 तथा 12 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

2.गाड़ी सं. 22324 गाजीपुर सिटी-कोलकाता शब्दभेदी एक्सप्रेस - 01, 08, 15, 22, 29 सितम्बर एवं 06 तथा 13 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

3.गाड़ी सं. 13429 मालदा टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस - 15, 22, 29 सितम्बर एवं 06 तथा 13 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

4.गाड़ी सं.13430 आनंद विहार-मालदा टाउन एक्सप्रेस - 16, 23, 30 सितम्बर एवं 07 तथा 14 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

5.गाड़ी सं. 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस - 12, 16, 19, 23, 26, 30 सितम्बर एवं 03, 07, 10 तथा 14 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

6.गाड़ी सं. 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस - 10, 14, 17, 21, 24, 28 सितम्बर एवं 01, 05, 08 तथा 12 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

# समर्पित व निष्ठावान कांग्रेसी को आगे लाकर उन्हें नेतृत्व देना पार्टी का मुख्य उद्देश्य : नेसार अहमद

## 2024 में केंद्र में बैठी निरंकुश मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है : सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विशुनपुर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद, लोहरदगा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुखैर भगत एवं गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए नेसार अहमद ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य वैसे समर्पित और निष्ठावान कांग्रेसी जो कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हैं जिन्हें आगे लाकर उन्हें नेतृत्व देने का एक अवसर है झारखंड प्रदेश के लोहरदगा लोकसभा एवं खूंटी लोकसभा क्षेत्र में यह मिशन लागू किया गया है इसके तहत कांग्रेस के अग्रणी मोर्चा युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई, सेवा दल,आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, एस सी, प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को सशक्त एवं मजबूत बनाकर आगामी 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जोड़ना और उनके अंदर लीडरशिप क्षमता विकसित करना है और आगामी 2024 के लिए संगठन को धारदार और सशक्त बनाना है और केंद्र में बैठी निरंकुश मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है आज देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार के साथ-साथ नफरत का माहौल व्याप्त है जिससे आम जनता काफी त्रस्त है इन्हीं जन मुद्दों को लेकर हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष का रास्ता चुने हैं हम सभी कांग्रेसियों का कर्तव्य है कि उनके इस जन संघर्ष को गांव-गांव तक आम जनों के बीच ले जाएं। मौके पर गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी जा रही है अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें और संकल्प ले की जब तक आरएसएस बीजेपी की सरकार को केंद्र से उखाड़ नहीं फेंकेंगे चैन से नहीं बैठेंगे आगामी लोकसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है इसके लिए कार्यकर्ता एक-एक पंचायत और एक-एक बूथ में जाएंगे और कांग्रेस पार्टी का विचारधारा और हमारे लोकप्रिय नेता का संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। आज के बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के महासचिव सनियारो उरांव, रामनिवास प्रसाद, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जय नाथ साहू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के हाजी सिकंदर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा परवीन, NSUI के जिला अध्यक्ष विनय उरांव, जिला सचिव नंद किशोर शुक्ला, इम्तियाज अंसारी, दीपक ठाकुर, रुस्तम अंसारी, सैफ अहमद,राजा राम महतो, सुरेश्वर महतो, राजेश राम, अनिल राम अनिल उरांव, जीतबहान उरांव, फिरोज अंसारी, रिजवान अंसारी, बसंती उरांव, सरिता देवी, आरती देवी, जहूर अंसारी, हाफिज अंसारी, किशोर साहू, आतिश मुंजनी, हसनैन अंसारी, तजमुल अंसारी, अनिल महतो, हरि भगत, मुकेश ठाकुर, प्रमोद सोनी, रविंद्र उरांव, मिनहाज अंसारी समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### तामड़ा हाई स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट महाकुंभ का हुआ आयोजन

# खेल के माध्यम से सिमडेगा जिले का नाम देश-विदेश में हो रहा है रोशन : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत की जनता उच्च विद्यालय मैदान में फुटबॉल महासंग्राम 2023 का आयोजन किया गया कार्यक्रम का फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पूर्व मंत्री का आयोजन समिति की ओर से फूलमाला एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया इस दौरान पूरे मैदान झारखंड पार्टी जिंदाबाद एनोस एक्का जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा। वही खेल की शुरुआत अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। जहां पर मैंनाबेड़ा बनाम ग्रीन गार्डन की टीम फाइनल मैच खेला जहां पर शानदार पारी खेलते हुए मैना बेडा की। टीम जीत दर्ज की जहां पर प्रथम विजेता को बड़ा खस्सी एवं द्वितीय विजेता को छोटा खस्सी देकर सम्मानित किया ।वही मैन ऑफ द मैच एवं ट्रॉफी देकर भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि सिमडेगा हमेशा से खेल के क्षेत्र में आगे रहा है और यहां के खिलाड़ी बाहर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं वैसे खिलाड़ी जिनके अंदर प्रतिभा छूपी हुए उन्हें बाहर लाने का काम करेगी। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने संबोधित करते हुए युवा समाज में बदलाव ला सकते हैं और इस प्रकार का खेल आयोजन करने से आसपास के खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता है उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन करने के बाद कई जहां झारखंड पार्टी हर संभव मदद देगी। मौके पर नुवेल हेरेंज,रवि बड़ाईक, आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युग केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू द्वारा सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में संचालित अवेयरनेस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदित्य कुमार साहू उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोभा देवी ने बच्चों को बतलाया कि खेलकूद भी हमारे लिए आज शिक्षा से कम नहीं है। पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी आवश्यक है। आज खेलकूद के माध्यम से भी लोग बहुत आगे निकल रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों को कहा कि आप सभी लोग अपनी रुचि के अनुसार खेल का चयन करें और पढ़ाई के साथ खेल कूद को भी महत्व दे। विशिष्ट अतिथि आदित्य साहु ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना कर हॉकी के जादूगर को श्रद्धांजलि दिया जाता है। मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे। जिस कारण कारण हॉकी को देश में राष्ट्रिग खेल का दर्जा प्राप्त है। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में फुटबॉल प्रतियोगिता दौड़ एवं कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें फुटबॉल मैच में बिरसा मुंडा ग्रुप ने सुभाषचन्द्र बोस ग्रुप को 1-0 से पराजित किया तथा कुर्सी रेस प्रतियोगिता में प्रथम सुहानी कुमारी, द्वितीय महबीस खातुन तथा तृतीय श्रुति कुमारी रहे और दौड़ में प्रथम स्मृति कुमारी, द्वितीय श्रेया किस्पोट्टाऔर तृतीय स्थान दीपिका कुमारी रहे। वही विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरूप मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नवनीत प्रजापति, जया कुमारी, प्रदीप महतो, आकाश कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर शिशु विद्या मंदिर में खेल प्रतियोगिता आयोजित, याद किये गए मेजर ध्यानचंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 29 अगस्त मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बहनों के लिए कबड्डी खेल में दशम कक्षा के बहनों ने खिताब जीता। फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुवात विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय गुप्ता द्वारा सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। फुटबॉल में नवम के भैया लोगों ने खिताब अपने नाम किया। खो-खो खेल में कक्षा अष्टम ने बाजी मारी। वहीं कुर्सी रेस प्रतियोगिता में पहले समूह में कक्षा तृतीय से सोनी कुमारी दूसरे समूह में कक्षा षष्ठ से काजल कुमारी और पीटो खेल में कक्षा प्रथम अव्वल रहें। रक्षा बंधन के अवसर पर विद्यालय में मंगलवार को ही रक्षा बंधन मनाया गया जिसमें बहनों ने सभी भैया लोगों को रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय के आचार्य देवा उराँव,गणेश कुमार,रामधारी जी,शांति नाग,प्रभा देवी इत्यादि आचार्य कार्यक्रम मे उपस्थित थें।

## कैरो बीआरसी भवन पर दिव्यांगता जांच शिविर आयोजन में 26 दिव्यांगों को किया गया जांच



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी भवन कैरो में मंगलवार 29 अगस्त को झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा एवं एलसिको भुनेश्वर के द्वारा दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के पूर्व में जांच किये गए संतोषी कुमारी, सावित्री कुमारी, सामी उरांव, सुनीता उरांव, अनिल कुजूर, दानिश अख्तर, जुनैद अंसारी, प्रकाश उरांव सहित कुल 22 बच्चो को निःशुल्क सहायक सामग्री दिया गया। वंही डॉ. तपस कुमार, अनुभव कुमार, पवन कुमार के द्वारा 26 बच्चो का दिव्यांगता जांच किया गया जिसके तहत बच्चो को विकलांगता के आधार पर सहायक सामग्री दिया जाएगा। मौके पर बीआरसी ओमप्रकाश रंजन, शाहदेव भगत, पोली एक्का, शैलेन्द्र कुमार इत्यादि दिव्यांग शिविर मे उपस्थित थे।

## सिमडेगा की बेटी अनु कुमारी को दिल्ली में अवार्ड देकर सम्मानित किया गया




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड के डोमटोली पंचायत के बड़का टोली के साथिया(पियर एडुकेटर) अनु कुमारी को दिल्ली में प्लान इंडिया इम्पैक्ट अवार्ड, बेस्ट चेंज मेकर(महिला) अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने क्षेत्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम(RKSK) के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस(॥ख्रुष्ठ) में साथ ही इसके अलावे भी लगातार किशोर किशोरियों को यौन प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, नशा मुक्ति, बाल विवाह जैसे अनेकों महत्वपूर्ण विषयों पर अपने स्थानीय भाषा में बात करते हुवे काम की है। काम के दौरान एएनएम, सहिया दीदी, स्कूल शिक्षक, आरकेएसके बीटीटी के साथ समन्वय बना कर किशोर किशोरियों को जागरूक भी की है। ज्ञात हो कि सिनी संस्था विगत पांच वर्षों से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में जिला को तकनीकी सहायत कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार सिनी संस्था द्वारा विभिन्न विषयों पर अनेकों बार प्रशिक्षण मिला साथ ही साथ गांव में हकुवा डाक, ट्रांजैक्ट वाक, रैली के माध्यम से उन्होंने किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस के ऊपर जागरूकता अभियान चलाई। अनु कुमारी ने कहा कि इस अवार्ड को पाकर बहुत खुशी महसूस हो रही है साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक समय सहयोग करने के लिए सिनी संस्था का धन्यवाद और आभार। अनु कुमारी ने कहा कि इस अवार्ड हमें और अधिक मेहनत से काम करने के लिए प्रेरित करेगी। जिस तरह से आज हम गांव में रहते है इसके बाउजूद हमें यह अवार्ड मिला मैं उम्मीद करती हूं कि और भी हमारे जिले के साथिया लोगों को अवार्ड मिले। अनु कुमारी को अवार्ड मिलने पर अनेकों लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अफरोज आलम ने 50 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सोना सोबरन योजना के तहत उगरा पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालकों के द्वारा कार्ड धारियों के बीच किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण। सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर कैम्प आयोजित कर सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी व लुंगी वितरण किया गया। जिसका शुभारम्भ 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, मुखिया बसंती देवी तथा आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन कर धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण जा रहा है। जिसके तहत जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वही सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण में पंचायत क्षेत्र के सभी 5 पीडीएस दुकान संचालकों द्वारा धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया।

## जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु खेल आवश्यक है : कृपा प्रसाद सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय पूर्ण कालिक कार्यकर्ता के संरक्षक श्रीमान कृपा प्रसाद सिंह तथा भूतपूर्व शिक्षक श्रीमान गोरख पांडे तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए खेल का महत्व सर्वाधिक है बच्चों के अंतर्गत बाल्य काल से ही विविध प्रकार के खेलों का विकास करना चाहिए। इस के माध्यम से पारंपरिक खेलों तथा राष्ट्रीय खेलों का सामंजस्य स्थापित करते हुए बच्चों का विकास करना चाहिए। गोरख पांडे ने कहा कि चांदनी रात में ध्यान लगाकर खेल का अभ्यास करने के कारण उन्हें ध्यानचंद ऐसा नाम दिया गया मूल में उनका नाम ध्यान सिंह था मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे उन्होंने तीन बार भारत को ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक हासिल करवाया।

## पशु बीमारी व बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड पशुपालन विभाग द्वारा सेन्हा उराँव मूहल्ला में पशु बीमारी जगरुक्ता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा उराँव मूहल्ला में आंगनबाड़ी के समीप पशुपालकों व ग्रामीणों के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पशु बीमारी बचाव जगरुक्ता कार्यक्रम चलाया गया। नुक्कड़ नाटक मंडली द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत कर पशुपालक किसानों को कार्यक्रम की ओर आकर्षित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए पशुओं में पाए जाने वाले बीमारी का विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में फिलहाल लम्पि बीमारी का प्रकोप देखने को मिला है। बताते हुए लम्पि और डिफरेंट वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दिया गया। साथ ही उन किसानों को जगरुक करते हुए उन्होंने कहा ससमय बीमार पशुओं को नजदीकी पशु चिकित्सालय में चिकित्सकों से संपर्क कर उपचार आरम्भ कराये इसके अलावे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की जानकारी दिया गया।

## उमेश पासवान को मिला बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में राष्ट्रीय खेल दिवस पारंपरिक खेलकूद दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गय। इस अवसर पर द्वितीय बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार 2023 लोहरदगा निवासी और झारखंड तैराकी एसोसिएशन के मुख्य कोच उमेश कुमार पासवान को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने समिति के पदाधिकारियों के साथ उमेश कुमार पासवान को स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्र,प्रशस्ति पत्र और विद्या विकास समिति झारखंड की वार्षिक पत्रिका उत्सर्ग भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें तैराकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। सचिव अजय प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि बृजमोहन लाल अग्रवाल लोहरदगा में शिशु मंदिर, विद्या मंदिर और महाविद्यालय की स्थापना करने वाली संस्थापक मंडली के प्रमुख सदस्य थे। खेलकूद को हमेशा प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत और अतिथि परिचय कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश कुमार पासवान ने कहा कि उन्हें 2009 में स्टेट गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ, झारखंड सरकार द्वारा दो कैश अवार्ड मिला जिससे उनमें आत्मविश्वास और भी भर गया और उन्होंने 50 फ़ीट पानी में नीचे जाकर रेस्क्यू भी किया,साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करना बहुत जरूरी है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि खेल हमें एक नया जीवन देता है निराशा से आशा की ओर ले चलता है, हमें अपने खाली समय में कोई ना कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए और अनुशासित होकर खेलना चाहिए। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि लगन और विश्वास के बलबूते आदमी कुछ भी प्राप्त कर सकता है, सफलता किसी की मोहताज नहीं है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय बाबूलाल मरांडी का आगमन अब 3 सितंबर 2023 दिन रविवार को दिन के 12:00 बजे लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में जनसभा होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराव ने यह बातें भारतीय जनता पार्टी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय लोहरदगा में कहीं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मनीर उरांव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार लोहरदगा में 19 सितंबर के स्थान पर 3 सितंबर को जनसभा को बाबूलाल मरांडी की संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक मतदान केंद्र के मतदान केंद्र समिति के सदस्यों के साथ-साथ इस जनसभा में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आज झारखंड की जनता वर्तमान सरकार से त्राहिहांम है। आज भ्रष्टाचार और लूट मची है महिलाओं के साथ अत्याचार बलात्कार प्रतिदिन घटनाएं घट रही हैं, जनता,भारतीय जनता पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। झारखंड प्रदेश से आए हुए योगेंद्र प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की अल्प समय में लोहरदगा जिला कोई एक कार्यक्रम मिला है बीजेपी झारखंड प्रदेश को उम्मीद लोहरदगा से बहुत ही अधिक है जिसके चलते यह कार्यक्रम 19 सितंबर के स्थान पर 3 सितंबर को किया गया है कार्यकर्ताओं से आग्रह है भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनावी मोड में रहती है कार्यकर्ता आज और अभी से अगर लग जाए तो आने वाले दिन यह कार्यक्रम सफल होगा। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री वर्तमान में कार्यक्रम के संयोजक विनय लाल ने कहा जो उत्साह आज यहां देखने को मिल रहा है वही उत्साह के साथ कार्यकर्ता लग जाए तो कार्यक्रम सफल होगा। केंद्र सरकार द्वारा जनता को जो राशन दिया गया है वह राशन का हिसाब किताब यह सरकार नहीं दे पा रही है,प्रधानमंत्री आवास योजना जिले के प्रत्येक गांव और शहरों में चल रही है किंतु बालू के अभाव में जनता अपना मकान नहीं बन पा रही है ऊपर से सरकार के द्वारा उनके ऊपर केस मुकदमा किया जा रहा है इन सब बातों को लेकर जनता के बीच हमें जाना है। बैठक में मुख्य रूप से बृज बिहारी प्रसाद, प्रवीण सिंह, राज किशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, श्री चंद प्रजापति, लाल नवल नाथ शाहदेव, विनोद राय, बिंदेश्वर उरांव, राजकुमार वर्मा, बाल कृष्णा सिंह, हर्षनाथ महतो,सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू, नीरज नलिन, अनिल उरांव, मीणा बखला, भारती सिन्हा, कलावती देवी, सुदामा प्रसाद, सूरज दसवंथी, लखन उरांव, मुकेश साहू, विवेक सोनी, नवीन कुमार साहू, अमरेश भारती, सजल कुमार, प्रकाश नायक भीख राम उरांव, राज किशोर साहू, शुकुल राम, त्रिलोकी सिंह,मनी रतन भगत, राजेश महतो, जगन्नाथ राम, धीरज सिंह, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, दिलीप लकड़ा, पप्पू सिंह, निधिकांत प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

30 अगस्त : स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के जन्म तिथि पर विशेष

# साहित्य, संगीत और शिक्षा के संगम का नाम है स्वर्गीय ज्योति प्रकाश



ज्योति प्रकाश, पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में एक ऐसा नाम, जो शिक्षा, स्वास्थ्य व कल्चर के क्षेत्र में अपने नाम का ज्योति जला रहा है, प्रकाश की छटा बिखेर रहा है। जब तक सूरज चांद रहेगा, तब तक पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर झिलमिल सितारों की भांति ज्योति के प्रकाश से प्रकाशित होता रहेगा। ज्योति प्रकाश का जन्म 30 अगस्त 1920 को हुआ था और इनकी मृत्यु 20 मई 1996 को हुआ। अपने 76 वर्षों के काल में उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में कई काम किए। उस काम को यहां के लोग भूल नहीं पा रहे हैं। जिसने भी ज्योति प्रकाश को देखा, जाना और समझा, उसके दिल और दिमाग में वे समा गए। ज्योति प्रकाश का पलामू में शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य एवं संगीत के विकास में अमूल्य योगदान है। उन्होंने 1940 में मोहन सिनेमा हॉल का उस वक्त निर्माण कराया था, जब एकीकृत बिहार में मात्र दो सिनेमा हॉल थे। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के प्रयास से बिस्मिल्लाह खान,गिरिजा देवी, कृष्ण महाराज, गोदई महाराज, सितारा देवी, प्रतिमा बेदी का कार्यक्रम पलामू में हुआ। जो अपने आप में एक मिशाल है और अपवाद भी। आज का आनंद शंकर रोटरी स्कूल ज्योति प्रकाश का ही देन है। उन्होंने सदर अस्पताल कैंपस में एक टीवी वार्ड का निर्माण करवाया।

जिसका नाम उस वक्त के सिविल सर्जन ने ज्योति प्रकाश टीवी वार्ड रखा था। सरकारी ब्लड बैंक के निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका है। ज्योति प्रकाश के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र भी हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, जेनी किड्स स्कूल, ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निशुल्क स्कूल एवं ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का संचालन कर रहे हैं। ज्योति प्रकाश के पुत्र वधु अरुणा शंकर अपने ससुर के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए बतौर नगर निगम का महापौर रहते शहर को सुंदर और दूधिया प्रकाश से जगमग कर दिया। जिस प्रकार ज्योति प्रकाश ने डाल्टनगंज शहर में साहित्य, संगीत, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र को अपने ज्योति से प्रकाशित किया ठीक उसी प्रकार उनका पूरा परिवार आनंद शंकर, ज्ञान शंकर सहित अरुणा शंकर, संगीता शंकर व इनके पुत्र भी शिक्षा व व्यवसाय की दुनिया में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। ज्योति प्रकाश के जन्म तिथि के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

## मोहन सिनेमा से कई यादें जुड़ी है : विजय ठाकुर



प्राइवेट बस स्टैंड के बगल में नाई की दुकान चलाने वाले विजय ठाकुर ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए बताया कि एक समय था जब ज्योतिन चाचा जी के द्वारा बनाया गया मोहन सिनेमा हॉल चला करता था और 11 बजे दिन में मंडल दादा द्वारा जनरेटर स्टार्ट करते ही घंटी और जनरेटर की आवाज से भीड़ जुटना शुरू हो जाता। सारे ठेले खोमचे वाले सिनेमा हॉल के आसपास अपनी रोजी-रोटी शुरू कर दिया करते थे। हम सबों के दुकानों में भीड़ बढ़ जाया करती थी। रात को 12 बजे तक पूरा एरिया चहल पहल रहता। चाचा जी बहुत अच्छे दिल के इंसान थे। कोई भी उनके पास मदद के लिए जाता तो खाली हाथ नहीं लौटता। हम लोग सिनेमा टुकड़े-टुकड़े में देखा करते थे। जब भी फुर्सत मिलता चले जाते थे। चाचा जी के तरफ से मोहल्ले वालों को कभी रोका नहीं जाता था। अब मेरी दुकान गीता मंदिर के परिसर में चली गई। लेकिन वहां की यादें आज भी दुकानों में चर्चा हुआ करती है।

## ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में अहम भूमिका : प्रभात अग्रवाल



व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल स्वर्गीय ज्योति प्रकाश को याद करते हुए कहा कि ज्योतिन चाचा जी एक कुशल एवं दूरदर्शी व्यवसायई थे। उन्होंने 1940 में जब पूरा एकीकृत बिहार में मात्र दो सिनेमा हॉल हुआ करते थे। प्रभात अग्रवाल ने बताया कि चाचा जी हर वर्ष कोई ना कोई चाहे साहित्य हो या संगीत का कार्यक्रम, कराया करते थे। हम सब उस वक्त कॉलेज में पढ़ा करते थे। उनके साथ हम सब को खास कर मुझे हर कार्यक्रम में भागीदारी निभाने का मौका मिला करता था। मैंने उनसे बहुत सीखा। वे पान के बहुत शौकीन थे। उसी वक्त मुझे भी पान की आदत लग गई। चाचा जी युवाओं को बढ़ाने एवं दान पुण्य में बहुत विश्वास करते थे। शहर का कोई भी कार्यक्रम उनके बिना अधूरा रहता था। आज शहर के बीचो-बीच अपने छोटे पुत्र ज्ञान शंकर जी के नाम से ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। आज मैं उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर जी को उनके पद चिन्ह पर चलते देखा तो बहुत खुशी होती है।

(व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल स्वर्गीय शिक्षा, साहित्य एवं संगीत के शौकीन के साथ-साथ मोहन सिनेमा हॉल का उस वक्त निर्माण कराया था,)

## रोटरी स्कूल बनाने में अहम योगदान : राजेश्वर पांडे



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। मुझे उनके साथ काम करने का काफी अवसर मिला। पेसे से वकील राजेश्वर पांडे ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहां स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी दोस्तों के दोस्त थे। जब स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के बड़े पुत्र आनंद शंकर जी का जन्म हुआ, उस वक्त हम रोटेरियन दोस्तों ने बेटे के जन्मोत्सव की पार्टी के जगह समाज के बच्चों के लिए उनसे एक स्कूल बनाने की बात कही। उन्होंने उसे स्वीकारते हुए रोटरी स्कूल बनाने का घोषणा किया। जिसका नामकरण फ़आनंद शंकर बाल विद्या मंदिरफ़ रखा गया। जिसमें आज समाज के हजारों बच्चे पढ़ रहे हैं। आज उसी स्कूल का नाम रोटरी स्कूल आनंद शंकर है। उनकी बहुत सारी कृतियां मंदिर कॉलेज हॉस्पिटल समाज में आज की स्थापित है। मुझे खुशी है कि आज उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर, ज्ञान शंकर एवं उनकी पुत्र वधू प्रथम महापौर अरुण शंकर उनके पद चिन्ह पर चलकर समाज में उनका नाम रोशन कर रहे।


## प्रथम टीवी वार्ड स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की देन : डॉ. आरपी सिन्हा




शहर के जाने माने चिकित्सक डॉक्टर आरपी सिन्हा ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहा कि एक समय था, जब टीवी के रोग से लोग मरा करते थे। दवा तक की किल्लत रहती थी। लोग छुआछूत का बीमारी समझते थे। उसी वक्त कुछ डॉक्टर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के पास दवा दान के लिए आग्रह करने पहुंचे। उन्होंने दवा दान के साथ-साथ सहर्ष सरकारी अस्पताल कैंपस में एक टीवी वार्ड का निर्माण करने की घोषणा की। और 5 माह में उसका निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया था। जिसका नाम उस वक्त के सिविल सर्जन ने ज्योति प्रकाश टीवी वार्ड रखा था। सरकारी ब्लड बैंक के निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने जय भवानी संग को आईटीसी ग्रुप द्वारा प्रतिमा बेदी का प्रोग्राम स्पॉन्सर्ड करा कर ब्लड बैंक के भवन को पूरा करने में सहयोग किया। समाज में उनके कई योगदान है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## अमूल्य धरोहर थे ज्योति प्रकाश : देवव्रत

स्वर्गीय ज्योति प्रकाश भैया मेरे बड़े भाई समान थे। मैंने उनको काफी करीब से देखा था। शायद ही शहर में कोई ऐसा व्यक्ति हो जिन्हें उनसे कोई कष्ट पहुंचा हो। पत्रकार देवव्रत जी ने उनको याद करते हुए कहा कि साहित्य, संगीत और शिक्षा के संगम का नाम था ज्योतिन भैया। उनके जीवन काल तक भारत का कोई शास्त्रीय संगीत कलाकार या साहित्यकार नहीं था जो पलामू की धरती पर उनके द्वारा नहीं बुलाया गया। ज्योति भैया दान पुण्य में भी काफी विश्वास रखते थे। यही कारण है आज भी कई स्कूल, कॉलेज, मंदिर मैं उनके नाम लिखे मिलेंगे। मुझे खुशी है कि आज भी उनके परिवार उनके पद चिन्ह पर चल रहा है। यही कारण है कि बड़ी बहू अरुण शंकर उनके पुण्य प्रताप से शहर की प्रथम महापौर बनने का अवसर प्राप्त किया।



## साहित्यकारों के मसीहा थे ज्योति बाबू : कयूम रूमानी



शहर के मशहूर शायर कयूम रूमानी ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहा कि ऐसा व्यक्तित्व बीरले पैदा होते हैं, जो स्वभाव से सरल और खुले हाथ का किसी को निराश नहीं करने वाला। पलामू के साहित्यकार एवं संगीतकार के मसीहा थे जोतीन बाबू। जब भी समाज में उनकी आवश्यकता हम लोगों को महसूस हुई। वे हमेशा हम सबों के लिए तैयार रहते थे। उनके जीवन काल तक पलामू में भारत के साहित्यकारों एवं संगीतकारों के साथ-साथ शहर के जिले के साहित्यकारों एवं संगीतकारों को मंच और सम्मान मिला। आज उनकी याद और कमी हम लोगों को खलती है। मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## हजारों लोग को रोजगार दे रहा ज्योति प्रकाश जी का परिवार : सरस जैन



शहर के मशहूर चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के परिवार के बारे बताते हुए कहा कि उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर व ज्ञान शंकर और अब दोनों पुत्रों के पुत्र स्रोत शंकर एवं आकर्ष आनंद अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ते हुए आज हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं, जो एक पुनीत कार्य है द्यचार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने बताया कि जहां यह परिवार हेरिटेज इंटरनेशनल एवं जेनी किड्स स्कूल का संचालन कर रहा। वही ज्योति प्रकाश जी के नाम पर स्थापित ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निशुल्क स्कूल एवं ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का भी संचालन कर रहा है। जहां आनंद मोटर्स महिंद्रा शोरूम, हीरो आनंद ऑटो बाइक्स का संचालन कर रहा है, वही हेरीटेज टोयोटा का भी संचालन कर रहा है।जहां झारखंड राज्य एवं अन्य राज्य में होटल चल रहे हैं, वहीं डाल्टनगंज एवं अन्य राज्य में पीवीआर स्क्रीन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा कई कार्य किए जा रहे हैं। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जो एक पुनीत कार्य है और यह सब बिना स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के आशीर्वाद का असंभव था। मैं ढेर सारी शुभकामनाएं इस परिवार को देता हूं।

## बिस्मिल्लाह खा, किशन महाराज, गिरिजा देवी को सुनने का अवसर दिया स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने : नवल तुलस्यान



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश समाज के धरोहर थे। वी एक साहित्यकार के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत प्रेमी भी थे। जब तक वह स्वस्थ रहे, हम पलामू वासी भारत के सभी बड़े शास्त्रीय संगीत कलाकारों को देखने एवं सुनने का अवसर मिलता रहा। होली के बाद हर वर्ष हमारा शहर शास्त्रीय संगीत के रंग में ढल जाया करता था। हम शहर वासियों ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के प्रयास से पदम श्री बिस्मिल्लाह खान, गिरिजा देवी, कृष्ण महाराज, गोदई महाराज, सितारा देवी, प्रतिमा बेदी, भी जी जोग जैसे कई दिग्गज कलाकारों को सुनने और देखने का आनंद लिया। आज उनके जाने के बाद हमारे शहर में शास्त्रीय संगीत की दुनिया में एक सन्नाटा छा गया।

# मिस्र में होने वाले ब्राइट स्टार अभ्यास के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी रवाना

### मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में यह अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास

### भारत ने पांच लड़ाकू मिग-29, दो परिवहन और टैंकर विमान हिस्सा लेने के लिए भेजे



एजेंसी

**नई दिल्ली** : मिस्र के मोहम्मद नागुइब सैन्य अड्डे पर 31 अगस्त से शुरू होने वाले अभ्यास ब्राइट स्टार में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी मंगलवार को वायु सेना के परिवहन विमान से रवाना हो गई। इस टुकड़ी में 137 कर्मी शामिल हैं। 14 सितंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में शामिल होने के लिए वायु सेना की टीम दो दिन पहले ही जा चुकी है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह तीन सेनाओं का एक बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जिसका नेतृत्व यूएस सेंटकॉम और मिस्र की सेना करेगी। इसकी शुरुआत 1977 के कैंप डेविड समझौते के दौरान अमेरिका और मिस्र के बीच द्विपक्षीय द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में हुई थी। अभ्यास का पहला संस्करण वर्ष 1980 में मिस्र में आयोजित किया गया था। 1995 के बाद से अन्य देशों की भागीदारी के लिए इस अभ्यास का विस्तार किया गया। ब्राइट स्टार का पिछला अभ्यास साल 2021 में हुआ था, जिसमें 21 देशों की सेनाओं ने भाग लिया था।अभ्यास ब्राइट स्टार में इस वर्ष 34 देश हिस्सा लेंगे। यह मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में होने वाला अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास होगा। यह पहली बार है कि भारतीय सशस्त्र बल 549 कर्मियों के साथ ब्राइट स्टार अभ्यास में भाग ले रहा है। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 23 जाट बटालियन की टुकड़ी करेगी। काहिरा एयरबेस में होने वाले अभ्यास ब्राइट स्टार के इस संस्करण में पहली बार भारत की वायु सेना भी हिस्सा लेगी। द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास में भाग लेने के लिए आईएएफ की टुकड़ी दो दिन पहले रवाना हो गई है। भारत ने पांच लड़ाकू मिग-29, दो टैंकर विमान आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 परिवहन विमान भी भेजे हैं। इस अभ्यास में उभरते गैर परंपरागत खतरों से निपटने और विश्व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भाग लेने वाले देशों के बीच बड़ी संख्या में क्षेत्रीय साझेदारी बढ़ाने पर केंद्रित प्रशिक्षण गतिविधियां होंगी। ब्राइट स्टार में सामरिक परिस्थिति पर आधारित एक संयुक्त हथियार लाइव फायरिंग अभ्यास भी शामिल होगा। साइबर सुरक्षा को लेकर समसामयिक विषयों पर एक पैनल चर्चा आयोजित करने की भी योजना है, जिसमें भाग लेने वालों में भारतीय सशस्त्र बल प्रमुख हैं। अभ्यास के दौरान भारतीय सेना को रक्षा सहयोग बढ़ाने के अलावा अन्य सेनाओं के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। भारतीय सेना को इस अभ्यास से समृद्ध पेशेवर अनुभव की उम्मीद है।

# ड्रीम गर्ल 2 का बॉक्स ऑफिस पर जलवा जारी



एजेंसी

**मुंबई** : आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे अभिनीत ड्रीम गर्ल 2 ने महज तीन दिनों में 40 करोड़ की कमाई कर ली है। 25 अगस्त को रिलीज़ हुई इस फिल्म के चौथे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। ड्रीम गर्ल 2 ने जहां पहले दिन 10.69 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 14.02 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला। रविवार को फिल्म ने कुल 16 करोड़ का कलेक्शन किया। अब चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं। सैक्निल्क की शुरुआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को लगभग 4.70 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही ड्रीम गर्ल 2 की 4 दिनों की कमाई अब 45.41 करोड़ हो गई है। पहले से ही बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही गदर 2 और ओएमजी 2 को टक्कर देते हुए ड्रीम गर्ल 2 भी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही। इतना ही नहीं कम बजट की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कलेक्शन कर रही है।ऐसा लग रहा है कि ये फिल्म आज 50 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। इसके अलावा इस हफ्ते रक्षाबंधन की छुट्टी का भी फिल्म को फायदा मिल सकता है। जिससे उनका कलेक्शन बढ़ सकता है। फिल्म में आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे के साथ अन्नू कपूर, मनजोत सिंह, अभिषेक बनर्जी, विजय राज, परेश रावल, राजपाल यादव, मनोज जोशी हैं।

# एक महीने में डेंगू संक्रमण का आंकड़ा दस हजार के करीब

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में डेंगू संक्रमण लगातार तेज होता जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया है कि पिछले एक महीने के दौरान पश्चिम बंगाल में दस हजार से अधिक लोग डेंगू की चपेट में आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक जनवरी महीने से 27 जुलाई के बीच राज्य में संक्रमितों की संख्या तीन हजार 369 थी लेकिन पिछले केवल एक महीने में यह बढ़कर 13 हजार हो गई है। यानी केवल अगस्त महीने में दस हजार के करीब लोग डेंगू की चपेट में आए हैं। यह स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का सबब बन गया है। 28 अगस्त यानी सोमवार तक कुल संक्रमितों की संख्या 13 हजार 650 है। इसे लेकर स्वास्थ्य अधिकारी भी चिंतित हैं। क्योंकि, 30वें हफ्ते यानी 27 जुलाई तक ये संख्या तीन हजार के बीच ही थी। डॉक्टरों के मुताबिक पिछले साल भी अगस्त माह में डेंगू बढ़ा था। उस महीने के अंत तक राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या करीब दस हजार थी। हालांकि, इस बार यह संख्या काफी अधिक है। इसके साथ ही डॉक्टरों का कहना है कि अब तक भारी बारिश नहीं होने से डेंगू का प्रकोप और बढ़ने का खतरा है। इस साल डेंगू पीड़ितों की सूची में नादिया पहले स्थान पर था लेकिन फिलहाल सबसे अधिक उत्तर 24 परगना में लोग डेंगी की चपेट में है यहां चार हजार से अधिक लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है।

